हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 243, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 6 मार्च, 2024 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

## योगी सरकार की डेढ़ करोड़ किसानों को सौगात निजी नलकूप पर मिलेगा फ्री बिजली कनेक्शन

### प्रदेश के विभिन्न शहरों में ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन, हाइड्रोजन बस सहित अन्य वाहन चलाने की योजना साकार हो सकेगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया गया है। कैबिनेट ने निजी नलकूप पर मुफ्त बिजली कनेक्शन देने के फैसले को मंजूरी दे दी है। इससे प्रदेश के डेढ़ करोड़ किसानों को मुफ्त बिजली कनेक्शन का लाभ मिलेगा। यह योजना एक अप्रैल 2023 से लागू होगी जिसके बाद से बकाया निजी नलकूप का बिल नहीं जमा करना होगा। इसके अलावा, प्रदेश कैबिनेट ने हाइड्रोजन नीति को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से प्रदेश के विभिन्न शहरों में ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन, हाइड्रोजन बस सहित अन्य वाहन चलाने की योजना साकार हो सकेगी। प्रदेश में यूपीनेडा की ओर से ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी बनाई गई है। अब इसे लागू करने की तैयारी है। इस पालिसी को मंजूरी मिलने के बाद अन्य वाहनों के साथ ही पाइप्ड नेचुरल गैस में मिलाकर प्रयोग किया जा सकेगा। मालूम हो कि केंद्र सरकार की ओर से नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन शुरू किया



गया है। अब इसे राज्यों को लागू करना है। होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ाने की मंजूरी दे दी गई है। अभी तक होमगार्ड स्वयंसेवकों को अंतरजनपदीय आवागमन के दौरान ड्यूटी भत्ते के अलावा 30 रुपये भोजन भत्ता मिलता है। अब ये भोजन भत्ता बढ़ाकर 120 रुपये कर दिया गया है। बढ़ती महंगाई में होमगार्ड विभाग ने सरकार को ये प्रस्ताव दिया था जिसे यूपी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। अंतरा में 800 मेगावाट की दो यूनिट एनटीपीसी के सहयोग से स्थापित की जाएगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि इस निर्णय से हम प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहे हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि पांच कृषि यूनिवर्सिटी में एक एक इक्यूबेटर सेंटर स्थापित किये जाएंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी के निर्माण के लिए विकासकर्ता का चयन किया गया हैं पहले चरण की लागत 1500 करोड़ रुपए है। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना के अनुसार, लखनऊ में मेट्रो के विस्तार को मंजूरी दी गई हैं। 11 किलोमीटर नया मेट्रो रेल मार्ग बनाएंगे। चारबाग से बसंतकुंज तक का विस्तार होगा। राज्य राजधानी क्षेत्र के विकास के लिए अध्यादेश मंजूर किया गया है। इस परियोजना में लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, हरदोई और रायबरेली शामिल हैं। वित्तमंत्री के अनुसार, पीलीभीत में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए जमीन निशुल्क आवंटन का प्रस्ताव मंजूर किया गया है। प्रयागराज ने अति विशिष्ट अतिथि गृह बनेगा। लखनऊ में आउटर रिंग रोड के लिए 439 करोड़ रुपए का प्रस्ताव मंजूर किया गया है।

## 'तेलंगाना को दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार कहा जाता है', संगारेड्डी में बोले पीएम मोदी

संगारेड्डी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तेलंगाना के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने सुबह श्री उज्जैनी महाकाली मंदिर का दौरा किया और पूजा की। उसके बाद वह संगारेड्डी पहुंचे, जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने घटकेसर और लिंगमपल्ली के बीच एमएमटीएस सुविधा को हरी झंडी दिखाई। वहीं, सात हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना को दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार कहा जाता है। उन्होंने कहा, 'आज 140 करोड़ देशवासी विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध हैं। विकसित भारत के लिए आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का होना उतना ही जरूरी है। इसलिए इस साल के बजट में हमने इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 11 लाख करोड़ रुपये दिए हैं। हमारा प्रयास है कि तेलंगाना को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले।' उन्होंने आगे कहा, 'तेलंगाना को 'दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार' कहा जाता है। तेलंगाना में रेल सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए विद्युतीकरण और दोहरीकरण का काम तेज गति से हो रहा है। छह नए स्टेशन भी बनाए गए हैं। घटकेसर और लिंगमपल्ली के बीच एमएमटीएस ट्रेन सर्विस को हरी झंडी दिखाई गई। इससे हैदराबाद और सिंकदराबाद के कई और इलाके आपस में जुड़ जाएंगे। इससे दोनों शहर के बीच ट्रेन यात्रियों को बहुत सुविधा होगी।' पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में, केंद्र सरकार ने तेलंगाना को नए मील के पत्थर हासिल करने में मदद करने के लिए कड़ी मेहनत की है!

## 'मैदान तुम चुनो, कार्यकर्ता हम चुनेंगे' स्मृति ईरानी ने राहुल को दी खुली चुनौती

नागपुर। स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को यूपीए शासन के 10 वर्षों और नरेंद्र मोदी सरकार के 10 वर्षों के कामकाज के बीच "अंतर" पर बहस करने की चुनौती दी है। सोमवार को नागपुर में 'नमो' कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा, "अगर मेरी आवाज राहुल गांधी तक पहुंच रही है, तो उन्हें कान खोलकर सुन लेना चाहिए। आपके (यूपीए) 10 साल और मोदी के 10 साल में क्या अंतर है, इस पर चर्चा होनी चाहिए। " भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा ' युवा महासम्मेलन ' का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा,"अगर वह इस बारे में राहुल गांधी से चर्चा करने के लिए कहेंगी तो वह चर्चा में शामिल नहीं आएंगे। उन्होंने दावा किया कि अगर युवा मोर्चा के कई कोई कार्यकर्ता ने उनके (राहुल गांधी) सामने बोलना शुरू किया तो वो बोलना भूल जाएंगे। उन्होंने राहुल गांधी को बहस का निमंत्रण देते हुए कहा कि अगर मेरी आवाज राहुल गांधी तक पहुंच रही है तो उन्हें कान खोलकर सुनना चाहिए। आइए, इस पर बहस कर लें कि किसके दस साल बेहतर हैं। मैदान तुम चुनो, कार्यकर्ता हम चुनेंगे।" स्मृति ने अपने संबोधन में कहा कि बीजेपी ने पिछले 10 साल में पार्टी घोषणापत्र में जनता से किए गए तीन प्रमुख वादों को पूरा किया



है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य का विशेष दर्जा खत्म करने वाले अनुच्छेद 370 को हटाना, विधायिका में महिला आरक्षण और राम मंदिर का निर्माण ये वादे थे और इन्हें पूरा किया गया। कुछ दिनों पहले पटना में आयोजित जन विश्वास रैली में लालू यादव ने कहा था कि पीएम मोदी का कोई परिवार नहीं है। इस बयान पर सियासी हंगामा मच गया है। पीएम मोदी ने सोमवार को लालू यादव का नाम लिए बिना विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि पूरा देश ही मेरा परिवार है। इसके बाद भाजपा नेताओं ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स के बायो में अपने नाम के साथ (मोदी का परिवार) लिखा। स्मृति ईरानी ने इस मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा, इंडी के एक नेता ने कहा कि मोदी का कोई परिवार नहीं है, लेकिन हम हैं मोदी का परिवार।

### किराए के घर में मृत पाए गए तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोग, फांसी पर लटकी मिली एक की लाश

तिरुवनंतपुरम। केरल में पाला के पास एक ही परिवार के पांच सदस्य अपने किराए के घर में मृत पाए गए। मृतक की पहचान 44 वर्षीय जेसन थॉमस, उनकी 28 वर्षीय पत्नी मेरिना और तीन बच्चों के तौर पर हुई है। वे मूल रूप से नजन्दुपारा, अकलाकुन्नम के रहने वाले थे। जेसन रबर फैक्टरी में ड्राइवर के तौर पर काम करता था। पूवारानी कोचुकोट्टारम क्षेत्र में वे किराए के मकान में रहते थे। जेसन का शव घर के अंदर लटका पाया गया। वहीं उनकी पत्नी और बच्चों का शव जमीन पर पड़ा मिला। शव के आसपास खून के निशान भी पाए गए हैं।

## राहुल बोले, मोदी जी चाहते हैं कि आप मोबाइल देखो, जय श्री राम बोलो और भूखे मर जाओ

शाजापुर। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा राघौगढ़ से चलकर शाजापुर पहुंची। यहां उन्होंने रोड शो किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने कहा कि मोदी जी चाहते हैं कि आप मोबाइल देखो। जय श्री राम बोलो और भूखे मर जाओ। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जातिवाद और धर्मवाद को बढ़ावा देते हुए आपस में लड़वा रहे हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सुबह 11 बजे शाजापुर जिला मुख्यालय पहुंची। राहुल गांधी के रोड शो के दौरान जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। हालांकि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने अपने कार्यकताओं का ही अभिवादन स्वीकार नहीं किया। इस दौरान कई घंटे पहले ही प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से शहरी हाईवे पर लोगों की आवाजाही बंद कर दी थी। इससे राहगीरों को काफी समस्याओं का



सामना करना पड़ा। कई जगहों पर पुलिस से बहस भी हुई। कई स्थानीय कार्यकताओं ने राहुल गांधी का स्वागत करने का प्रयास किया लेकिन उन्हें भी रोक दिया गया। शाजापुर शहर में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत में ही भाजपा के कुछ कार्यकर्ता पार्टी का झंडा लेकर पहुंचे थे। उन्होंने राहुल गांधी का स्वागत मोदी-मोदी नारे लगाकर किया। इसे सुनकर राहुल गांधी खुद गाड़ी से उतरे। भाजपा कार्यकताओं के पास पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने जय श्री राम के नारे भी लगाए। कुछ भाजपा कार्यकताओं ने राहुल गांधी के हाथ में आलू भी दिए। उनसे कहा कि आलू से सोना बना दीजिए। राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा भाषा को भाषा से लड़ाती है। धर्म को धर्म से लड़ाती है। जाति को जाति से लड़ाती है। इसके खिलाफ हमने भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को बेरोजगार बना दिया है और वह दिनभर रील्स देखते रहते हैं। सारा रोजगार तो चीन के युवाओं को मिल रहा है। इन युवाओं को न्याय दिलाने के लिए ही यात्रा निकाल रहा हूं।

## नड्डा ने भाजपा को बताया विचारधारा पर आधारित दल, कहा- अपने सिद्धांतों से नहीं भटके

बंगलूरू। कर्नाटक में बेलगावी के बूथ समावेश पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनता को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान भाजपा की जमकर तारीफ की। नड्डा ने भाजपा को विधारधारा पर आधारित पार्टी बताया है। नड्डा ने भाजपा को विधारधारा पर आधारित पार्टी बताया है। अपने संबोधन में जेपी नड्डा ने कहा, "आप बहुत भाग्यशाली हैं। हम भी बहुत भाग्यशाली हैं। क्यों? भाजपा कार्यकर्ता खुद को भाग्यशाली इसलिए बताते हैं, क्योंकि भाजपा



जेडीएस यूथ विंग के अध्यक्ष निखिल कुमारस्वामी ने कहा कि जेडीएस को कोई भी खत्म नहीं कर सकता है। पार्टी ने हमेशा किसानों, युवाओं और महिलाओं की सेवा की है। मैं कांग्रेस को एक बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि इस लोकसभा चुनाव में इस लोकसभा चुनाव में हमारे पास कर्नाटक में 28 सीटें हैं। इस बार कांग्रेस हारने वाली है। कर्नाटक में बेलगावी के बूथ समावेश पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनता को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान भाजपा की जमकर तारीफ की। एक ऐसी पार्टी है जो दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर स्थापित हुई है। उन्होंने आगे कहा, भाजपा एकमात्र पार्टी है जो विचारधाराओं पर आधारित है। हम एक ऐसी पार्टी है जिसकी विचारधारा मजबूत है। एक ऐसी पार्टी जो अपनी विचारधारा से कभी नहीं भटकी।"

## 'चुनाव के दौरान हिंसा बर्दाश्त नहीं': बंगाल में बोले मुख्य चुनाव आयुक्त, नौकरशाहों को निष्पक्ष रहने की दी सलाह

कोलकाता। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कुछ अहम जानकारी दी है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चुनाव के दौरान हिंसा को रोकने के लिए कि निर्वाचन आयोग सी विजिल नाम से एक एप्लीकेश लॉन्च करने जा रहा है। सी-विजिल यानी की सिविलियन टू विजिलैंट, इसका मतलब है नागरिकों की सतर्कता। राजीव कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा मुक्त चुनाव कराना है। उन्होंने कहा, "चुनाव में डर या भय का कोई जगह नहीं है। नौकरशाहों का पक्षपातपूर्ण रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य में पर्याप्त संख्या में केंद्रीय बलों की भी तैनाती की जाएगी, जो कि निष्पक्ष तरीके से




होगा।" राजीव कुमार ने इस एप्लीकेशन की विशेषताओं का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि अगर चुनाव के लिए किसी भी प्रकार की अनियमितता या हिंसा की तैयारी की जा रही है तो यूजर्स इस एप के माध्यम से शिकायत दर्ज करते हैं। दोषियों के खिलाफ 100 मिनट के भीतर कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने आगे बताया कि अगर किसी भी उम्मीदवार की आपराधिक पृष्ठभूमि है तो इस एप के माध्यम से उम्मीदवार की पहचान और उसके खिलाफ आपराधिक मामलों की पहचान की जा सकती है। इसके साथ ही उम्मीदवार को अपने आपराधिक आरोपों के बारे में तीन अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित करना होगा। राजनीतिक पार्टियों को भी अपनी वेबसाइट और अखबारों के जरिए ऐसा करना पड़ेगा। राजीव कुमार ने आगे कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कुछ मतदान ऐसे भी होंगे, जिसका संचालन केवल महिलाएं करेंगी। उन निर्वाचन केंद्रों पर महिला सुरक्षा बलों की तैनाती भी की जाएगी।

## एसपी दफ्तर में युवक ने खुद को लगाई आग, हालत गंभीर; अखिलेश ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर के कांट थाना क्षेत्र के गांव सिहरान निवासी ताहिर अली ने मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एसपी दफ्तर में खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। सिपाहियों ने कंबल डाल कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ताहिर अली गंभीर रूप से झुलस गया। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आत्मघाती कदम उठाने से पहले ताहिर अली ने गाड़ी गायब होने के मामले में पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप लगाया है। एसपी दफ्तर के गेट पर ताहिर अली जब खुद को आग लगा रहा था, तभी कुछ लोग उसका वीडियो बना रहे थे। किसी ने उसे रोकने का प्रयास किया। जब वह पूरी तरह आग की लपटों से घिर गया, तो भागता हुआ एसपी दफ्तर पहुंचा। लपटों से घिरे युवक को देखकर अफरातफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह आग बुझाई। गंभीर रूप से झुलसे ताहिर को आनन-फानन अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक एक युवक ने ताहिर अली की दो पिकअप गाड़ियां किराये पर ली थीं। कुछ समय बाद उसने किराया देने से मना कर दिया था। मामला पुलिस तक गया तो पुलिस ने गाड़ी को चौकी में खड़ा करवा दिया था। अब उसकी गाड़ी पुलिस चौकी से गायब हो गई। ताहिर अली अपनी गाड़ी का पता लगाने के लिए चक्कर काट रहे थे। आरोप है कि पुलिस उनकी सुनवाई नहीं कर रही थी। इससे आहत होकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। ताहिर को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि तीन लोगों के उकसाने पर ताहिर अली ने खुद को आग लगाई है। जानकारी होते ही स्टाफ ने तुरंत आग को बुझाया। पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। इसके पीछे क्या कारण रहे हैं, इसकी जांच कराई जा रही है।

## सेना में महिला अधिकारियों के प्रमोशन का मामला, कोर्ट ने सूचीबद्ध करने की प्रकिया की मांगी जानकारी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सेना में अधिकारियों को प्रमोशन के लिए सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी को ध्यान में रखते हुए केंद्र को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। हलफनामे में केंद्र सरकार को सेना में महिला और पुरुष अधिकारियों को सूचीबद्ध करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देनी होगी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी को विस्तृत हलफनामा दाखिल करने को कहा। सेना की महिला अधिकारियों की तरफ से वरिष्ठ वकील हुजैफा अहमदी ने सुप्रीम कोर्ट में सेना में प्रमोशन के लिए सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया में कथित भेदभाव का आरोप लगाया था। इसके बाद ही कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूरी प्रक्रिया की जानकारी मांगी है। हुजैफा अहमदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल 3 नवंबर को ही एक आदेश पारित किया था, जिसमें कोर्ट ने सभी महिला अधिकारियों के नामों पर विचार करने को कहा था, जिनके नामों पर पहले के स्पेशल सलेक्शन बोर्ड 3बी (कर्नल पद के लिए प्रमोट करने वाला बोर्ड) ने भी विचार किया था। सिर्फ उन अधिकारियों के नामों पर विचार नहीं करने को कहा गया था, जो पहले से ही सूचीबद्ध हो चुकी हैं। हुजैफा अहमदी ने कहा कि अन्य सूचीबद्ध अधिकारियों के नामों पर फिर से विचार करना



कोर्ट की अवमानना होगी। वेंकटरमानी ने कोर्ट को बताया कि एक ही बैच के अधिकारियों को मेरिट के आधार पर आंकने की प्रक्रिया ही सूचीबद्ध करना है। महिला अधिकारियों की तरफ से पेश हुए वकील हुजैफा अहमदी ने कहा कि महिला अधिकारियों को प्रमोशन के लिए सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया में पुरुष अधिकारियों के मुकाबले भेदभाव करने के आरोप लगाए। जिसके बाद कोर्ट ने केंद्र सरकार से हलफनामा दाखिल करने को कहा है। अब कोर्ट इस मामले पर 11 मार्च को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने पूर्व में सुनवाई के दौरान अपनी टिप्पणी में कहा था कि सेना में महिला अधिकारियों को सूचीबद्ध करने से इनकार करना मनमाना है। सेना में स्थायी कमीशन पाने वाली महिला अधिकारियों ने कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में महिला सैन्य अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि कर्नल पद पर प्रमोशन के लिए उन्हें सूचीबद्ध श्रेणी में शामिल नहीं किया गया है। 17 फरवरी, 2020 को ऐतिहासिक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने ही महिला सैन्य अधिकारियों को सेना में स्थायी कमीशन देने का आदेश दिया था। इसके बाद मार्च 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय नौसेना में भी महिला सैन्य अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने का फैसला सुनाया था।

## जदयू विधायक जाकर सम्राट चौधरी से मिल आए, भाजपा दफ्तर से निकलकर बोले- बात फाइनल हो गई

पटना। कभी अपनी सरकार के पक्ष में तो कभी अपने ही मुख्यमंत्री के खिलाफ बोलने वाले विवादित जदयू विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे। गोपाल मंडल का कहना है कि वह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिले। लोकसभा चुनाव में टिकट को लेकर पूछने पर उन्होंने अपनी दावेदारी ठोकते हुए कहा कि जदयू का नेता मैं हूं और भागलपुर लोक सभा क्षेत्र के एनडीए का टिकट मेरी जेब में है। उन्होंने यह भी कहा कि सम्राट चौधरी से बात हो गई है, अब बात फाइनल है। गोपाल मंडल ने कहा कि मैं नेता हूँ न , मैं थोडा इधर उधर करता हूं। मैं किससे टिकट मागुंगा। गोपाल मंडल ने पिछले दिनों कहा था कि भागलपुर के सांसद अजय मंडल लोगों की सेवा करते-करते बीमार हो गये हैं इसलिए अब उन्हें आराम की जरुरत है। गोपाल मंडल ने बिना नाम लिए हुए कहा कि मैंने बहुत लोगों को नेता बनाया है। विधानसभा से लेकर दिल्ली तक पहुँचाया है। कई लोगों को मंत्री भी बनवाया है इसलिए भागलपुर लोक सभा क्षेत्र से एनडीए के टिकट पर अब हम चुनाव लड़ेंगे और जनता की सेवा करेंगे। गोपाल मंडल ने यह भी कहा कि मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बुरे समय से अच्छे समय तक साथ रहा हूं और मरने समय तक उनके साथ रहूँगा। गोपाल मंडल ने कहा कि मेरी तरह बेवाक बोलने वाला कोई नहीं है, अगर हिम्मत है तो बोल कर दिखाए। पत्रकारों के द्वारा जब यह पूछा गया कि अगर जनता दल यूनाइटेड टिकट नहीं देती है तब आप क्या करेंगे, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आप अगर मगर मत बोलिए। टिकट मुझे ही मिलेगा , सम्राट चौधरी से बात हो गई है। उन्होंने कहा कि अब सब कुछ फाइनल है इसलिए चिंता मत कीजिये।

# दुग्ध उत्पादकों, विक्रेताओं, किसानों, नौजवानों, महिलाओं ने देखा अमूल प्लांट

## आटोमेटिक मशीनों से उत्पादन व पैकेजिंग अचरज भरी निगाहों से देख रहे थे काशीवासी, आधुनिक तरीके से बनारस की सुप्रसिद्ध मिठाई लॉगलता व लाल पेड़े का उत्पादन देख काशीवासी हुए अति प्रसन्न

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। बनास काशी डेयरी संकुल के भ्रमण के क्रम में सोमवार को वाराणसी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत रोहनिया विधानसभा क्षेत्र शुलटंकेश्वर के निवासियों जिनमे बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक, विक्रेता,किसान, विद्यार्थी आदि विशेष रूप से शामिल थे,ने अमूल प्लांट का भ्रमण किया` 23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बनास काशी डेयरी संकूल का लोकार्पण कर काशी वासियों को बड़ी भेंट दी, बनास काशी डेयरी संकुल के स्थापित होने के पश्चात आसपास के किसानों एवं पशु पालकों के लिए रोजगार के अवसर एवं आर्थिक उन्नति के द्वार खुल गए हैं`भ्रमण के दौरान काशी वासियों ने देखा कि 30 एकड़ में फैले बनास डेयरी संकुल में प्रतिदिन 10 लाख लीटर दूध की प्रोसेसिंग की जाती है जिसका सीधा लाभ



किसानों और पशुपालकों को मिल रहा है` आधुनिक एवं आटोमेटिक मशीनों द्वारा उत्पादन व पैकेजिंग को लोग अचरज भरी नजरों से देख रहे थे बनास डेयरी प्रबंध समिति ने काशी वासियों को पूरे प्लांट की सभी इकाइयों का भ्रमण कराने के बाद बताया कि इस अमूल प्लांट के जरिये वर्तमान में हम 500 लोगो को प्रत्यक्ष और लगभग 80 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मुहैया करा रहे हैं बनास डेयरी संकुल की यह मंशा है कि आने वाले समय मे हम वाराणसी के साथ ही आस-पास के जिलों के लगभग तीन लाख लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मुहैया कराएं` भ्रमण के दौरान काशी वासियों ने वाराणसी में हो रहे विकास कार्यो को एलईडी स्क्रीन पर देखा` अमूल प्लांट के भ्रमण के दौरान काशी वासियों के सहयोग के लिए एमएलसी एवं वाराणसी लोकसभा के समन्यवक अश्वनी त्यागी, जिला महामंत्री संजय सोनकर, पवन सिंह, मिलन मोर्या आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रमोद वर्मा के नेतृत्व विशाल व्यापारी सम्मेलन हेतु बनी रणनीति

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में ग्राम सचिवालय जखनिया पर बैठक कर 7 मार्च को काशी क्षेत्र का भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा विशाल व्यापारी सम्मेलन हेतु अधिक से अधिक व्यापारियों को उपस्थिति के लिए रणनीति बनाई गई। उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि 7मार्च को काशी क्षेत्र का वाराणसी में गांधी अध्ययन पीठ सभागार महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा विशाल व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसके मुख्य अतिथि पंकज चौधरी केंद्रीय राज्य मंत्री वित्त मंत्रालय भारत सरकार व विशिष्ट अतिथि नितिन अग्रवाल राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्य वक्ता सुनील सिघी अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापारिक कल्याण बोर्ड भारत सरकार होंगे। वर्मा ने कहा भारत सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए व लघु उद्योग और छोटे व्यापारियों को व्यापार में सहायता करने हेतु अनेको योजनाओं का संचालन हो रहा है जिसमें उनको आर्थिक सहायता सहित अनेक सुविधाएं मोदी सरकार और योगी सरकार द्वारा दी जा रही है। वर्मा ने कहा भाजपा सरकार में व्यापार के सुगमता के लिए वन नेशन वन टैक्स जीएसटी का प्रावधान किया गया साथ ही साथ उत्तर प्रदेश में व्यापारियों की सुरक्षा, आत्मसम्मान, व्यापार की सुगमता, ट्रांसपोर्ट, हाईवे के प्रति योगी सरकार पूर्ण रूप से कटिबद्ध है। इस सरकार में व्यापारियों का उत्पीड़न बन्द हुआ है। वर्मा ने जनपद के समस्त व्यापारियों से आग्रह किया कि इस विशाल व्यापारी सम्मेलन वाराणसी में अधिक से अधिक संख्या में गाजीपुर के सम्मानित व्यापारी लोग उपस्थित होकर केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारियों को दी जाने वाली सहायताओं से अवगत हो उसका लाभ उठायें और सुगमता से व्यापार कर सके। इस अवसर पर सहसंयोजक श्यामबली मद्धेशिया, गुड्डू केसरी, तारकेश्वर वर्मा, मंडल संयोजक विजय गुप्ता, विनोद प्रजापति, सोनू जायसवाल, गंगासागर गुप्ता, विपुल गुप्ता, बलिराम मौर्य, धर्मेंद्र चौरसिया, प्रशांत सिंह, अशोक गुप्ता, राधेश्याम मोदनवाल सहित प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवायोजना के तहत सप्त दिवसीय विशिष्ट शिविर का किया गया आयोजन

संत कबीरनगर। गंगा देवी कपिलदेव तिवारी महाविद्यालय, भुजेनी, संत कबीर नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सप्त दिवसीय विशिष्ट शिविर का आयोजन किया गया। विशिष्ट शिविर के लिए पोषित गाँव सरीली चहारुम का चयन किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संतोष कुमार सिंह ने माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। स्वंयसेवियों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डा. संतोष कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का लोगों जिसमें लाल व नीला रंग है उड़ीसा के प्रसिद्ध कोर्णाक मन्दिर का विशाल रथ का पहिया है जो सभी स्वंय सेवकों को सामाजिक परिवर्तन के प्रति भावुक और सक्रिय होने के लिए प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम अधिकारी डा. रंगनाथ तिवारी ने स्वंय सेवियों को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श वाक्य "नाट मी बट यू' एन.एस.एस. के दर्शन को परिभाषित करता है।



प्रत्येक व्यक्ति का कल्याण समाज के कल्याण पर निर्भर करता है। इसलिए प्रत्येक स्वंय सेवक को समाज की भलाई के लिए प्रयास करना चाहिए। मुख्य नियंता श्री हरिशंकर शुक्ल ने स्वंय सेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए उनके पाठ्यक्रम के अलावा सामुदायिक सेवा में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए गतिविधियों का एक विस्तार है जिसमें प्रत्येक स्वंय सेवक को एक शैक्षणिक वर्ष में 120 घंटे की सामाजिक सेवा पूरी करनी होती है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री आनन्द शुक्ल, श्री अरशद खान, श्री संजय पाल श्री दुर्गेश शुक्ल, डा. विनीत कुमार गौड़, श्री प्रमोद यादव, श्री दुर्गेश शर्मा, श्रीमती विनीता प्रजापति, श्री विपिन कुमार, श्रीमती शशि चौधरी, श्रीमती अर्पिता चौधरी,, डा. रीतेश आर्या श्री तुफैल अहमद, श्री यशवंत सिंह, श्रीमती विनीता राय, श्री बनवारी लाल यादव आदि उपस्थित रहें।

## कृषि क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं, पीजी कालेज कृषि कार्यशाला में बोली डॉ० संगीता बलवंत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के स्नातक कृषि के छात्र-छात्राओं को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के अन्तर्गत वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय कृषि विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद डॉ॰ संगीता बलवंत ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इसी महाविद्यालय से राजनीति की शुरूआत 1997 में किया था तथा छात्र संघ चुनाव में रिकॉर्ड मतों से उपाध्यक्ष पद पर विजयी हुई थीं। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प आप युवा छात्रों को पूरा करना है। डॉ॰ बलवंत ने इस अवसर पर छात्रों को प्रोत्साहित किया। स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर के बीएससी कृषि सातवें सेमेस्टर के छात्रों का ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र,



पी॰ जी॰ कॉलेज गाजीपुर में चलाया जा रहा है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने किसानों के लिए अति सुन्दर रंगोली भी बनायीं` प्राचार्य प्रोफेसर डा0राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाओं को चिन्हित किया तथा भारत जैसे विशाल जनसँख्या वाले देश में कृषि क्षेत्र से ही रोजगार की समस्या को हल किया जा सकता है` प्रोफेसर जी॰ सिंह कोऑर्डिनेटर रावे ने कृषि छात्रों के लिए चलाये जा रहे रावे कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र, पी॰ जी॰ कॉलेज गाजीपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ0 धर्मेंद्र कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रोफेसर अरुण कुमार यादव, डॉ0 के0 के0 पटेल, डॉ0 योगेश कुमार, डॉ0 अशोक कुमार, डॉ0 ओमकार सिंह, आशीष बाजपेयी, आशुतोष सिंह, डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह, सुनील कुमार आदि भी उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार के तानाशाही रवैये से मुल्क बुरी तरह से त्रस्त : गोपाल यादव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर सम्पन्न हुई। इस बैठक में बेसमय हुई बरसात और ओलावृष्टि से किसानों को हुई क्षति, लगातार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, ?भ्रष्टाचार, अपराध, बिगड़ती कानून व्यवस्था, भाजपा सरकार द्वारा किसानों, नौजवानों और छात्रों से की गयी घोर वादाखिलाफी के साथ साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी भी पर गंभीर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने बेसमय हुई बरसात और ओलावृष्टि के चलते फसलों को हुई क्षति के बदले तत्काल क्षतिपूर्ति देने की मांग करते हुए कार्यकर्ताओ से लोकसभा चुनाव की तैयारी में तन मन से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव हम सबके लिए बड़ी चुनौती है। सभी लोग अपने को प्रत्याशी मानकर चुनाव मैदान में कूद पड़ें। देश हित में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के तानाशाही रवैये से मुल्क बुरी तरह से त्रस्त है। इस सरकार की जनविरोधी एवं



तानाशाही नीतियों ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को देशवासियों के बुनियादी जरूरतों का तनिक भी ध्यान नहीं है। इन सवालों पर वह पूरी तरह से संवेदनहीन बनी हुई है। भाजपा सरकार को देश की गरीब जनता का बिल्कुल ख्याल नहीं है। वह अपने पूंजीपति मित्रों को ही लाभ पहुंचाने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि देश गंभीर परिस्थितियों से होकर गुजर रहा है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। अपने खिलाफ बढ़ते जनाक्रोश और लगातार खराब होती आबोहवा से भाजपा धर्म की आड़ में छिप रही है। भाजपा अपने जन्मकाल से ही भाजपा हिंदू और मुसलमानो के बीच नफरत और दंगे कराकर अपने राजनीतिक और साम्प्रदायिक मंसूबों को पूरा करती रही है। उन्होंने कार्यकताओं से जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की नापाक इरादों के प्रति आगाह करने का काम किया । इस बैठक में मुख्य रूप से पुर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा, रविन्द्र प्रताप यादव, राम जन्म चौहान, उपेन्द्र यादव, मदन यादव, बलिराम पटेल, रमाशंकर यादव, विभा पाल, रीना यादव, रमेश यादव, बलिराम यादव, अजय यादव, आजाद राय, अनीता यादव, योगेश यादव, दारा यादव संतोष यादव, रामाशीष यादव, राजेश कुमार यादव आदि उपस्थित थे। इस बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने की सामान्य बैठक, अधिशासी अभियंता विद्युत के खिलाफ निन्दा प्रस्ताव पारित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला पंचायत, गाजीपुर की सामान्य बैठक श्रीमती सपना सिंह अध्यक्ष, जिला पंचायत, गाजीपुर की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जनपद के समस्त सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न की। गत बैठक दिनांक 19 दिसम्बर 23 के कार्यवाही की पुष्टि सदन में उपस्थित सदस्यगण द्वारा सर्व सम्मति से की गयी। जनपद के विकास कार्यों की चर्चा के दौरान अनुपस्थित अधिकारियों का संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष जी द्वारा आगामी बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थिति हेतु निर्देशित किया गया तथा सदस्यगण से अभद्र व्यवहार करने के कारण अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, जमानियाँ के विरूद्ध सदन द्वारा निन्दा का प्रस्ताव पारित किया गया। जिला योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत जिला योजना के सदस्यगण से प्राप्त प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। जिला पंचायत, गाजीपुर की वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवां वित्त आयोग के टाईड व अनटाईड अनुदानों के सापेक्ष कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। विभिन्न विकासखण्डों से प्राप्त मनरेगा योजनान्तर्गत कार्ययोजनाओं का अनुमोदन जिला पंचायत सदन द्वारा किया गया। अध्यक्ष, जिला पंचायत, गाजीपुर द्वारा कुल 61 नवीन सड़कों का लोकार्पण किया गया तथा 39 सड़कों का शिलान्यास किया गया। बैठक में वीरेन्द्र यादव, विधायक, जंगीपुर, जै किशन साहू, विधायक, गाजीपुर, सदर एवं अवधेश राय, प्रमुख, क्षेत्र पंचायत, मुहम्मदाबाद, सदस्य, फेकू यादव,



रामसागर यादव, खेदन यादव, नरेन्द्र राव, नरेन्द्र यादव, आकाश यादव, बसन्त यादव, पाचू यादव, शशि प्रकाश सिंह, अजय राम, श्रीमती विद्या देवी सोनकर, श्रीमती रोखशाना, श्रीमती रेखा भट्ट एवं श्रीमती निशा यादव आदि सदस्यगण उपस्थित रहें। अन्त में अध्यक्ष द्वारा उपस्थित विधायकगण एवं मा॰ सदस्यगण का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की गयी।

## रोवर्स-रेंजर्स समागम में पीजी कॉलेज ने झटका खिताब, राजकीय महिला कॉलेज व सहजानन्द रहे उपविजेता

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में सोमवार व मंगलवार को 32वें दो-दिवसीय अंतरमहाविद्यालयी रोवर्स-रेंजर्स जनपदीय समागम का भव्य समापन हुआ, जिसमें जनपद के राजकीय महिला पीजी कॉलेज, पीजी कॉलेज गाजीपुर, महात्मा गांधी शती स्मारक महाविद्यालय गरुआ, सहजानन्द महाविद्यालय गाजीपुर के रोवर्स-रेंजर्स की कुल सात टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समापन समारोह में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो0 सविता भारद्वाज, पूर्व-प्राचार्या राजकीय महिला महाविद्यालय गाजीपुर ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपने अपनी झाँकियों और प्रदर्शन के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता, मानवता, सद्भाव, राष्ट्र व संस्कृति प्रेम का जो सन्देश दिया है वह दूर-दूर तक पहुँचे ऐसी परमात्मा से कामना करती हूँ। यह समागम राष्ट्रसेवा, सहयोगात्मकता और मानवता का



भावबोध देता है। विशिष्ट अतिथि प्रो0 अमरनाथ राय ने रोवर्स-रेंजर्स को जीवन में एकेडमिक या सैद्धांतिक ज्ञान की अपेक्षा व्यवहारिक ज्ञान द्वारा जीवन लक्ष्यों को हासिल करने का मूलमंत्र दिया। अध्यक्षता प्रो0 वी के राय, प्राचार्य सहजानन्द महाविद्यालय ने किया। प्रो0 राय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में छात्रों को शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि रोवर्स-रेंजर्स जैसे कार्यक्रमों में सहभागिता से छात्रों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। समापन दिवस के दौरान प्रतिभागियों ने रोल प्ले, ध्वज शिष्टाचार, कलर पार्टी, तम्बू निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा, क्रू-टीम अभिलेख, किम्स जेम आदि प्रतियोगिताओं के साथ ही शानदार झाँकियों के जरिये समागम को खासा मनमोहक बना दिया। सहजानन्द के रोवर- छात्र निर्भय राय के रोल प्ले को खासी सराहना मिली जिसमे उन्होंने सम्राट अशोक का अभिनय करते हुए युद्ध पर शांति की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए ओजस्वी प्रस्तुति की। निर्णायक मण्डली ने रेंजर्स व रोवर्स दोनों वर्गों में सबसे अधिक खिताब अपने नाम करने वाले पीजी कॉलेज गाजीपुर को विजेता घोषित किया। राजकीय महिला कॉलेज की रेंजर्स टीम एवं सहजानन्द महाविद्यालय की रोवर्स टीम उपविजेता रही। मंचस्थ अथितियों का स्वागत डॉ0 प्रमोद कुमार अनंग ने किया। धन्यवाद ज्ञापन समागम के संयोजक सचिव डॉ0 सतीश राय व सह सचिव डॉ0 निवेदिता सिंह ने किया। इस अवसर पर कवीन्द्रनाथ शर्मा, डॉ0 शशिकांत राय, डॉ0 शिव कुमार, प्रो0 अजय राय, डॉ0 सुशील तिवारी, रविंदर कौर, प्रमोद यादव, इनामुल्लाह अंसारी, राकेश, ज्योत्स्ना बिंद, अमन राय, श्वेता कश्यप, दीपक आदि के साथ सहजानन्द महाविद्यालय के समस्त शिक्षक व कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ0 कृष्णानन्द चतुर्वेदी एवं निर्देशन डीओसी भारत स्काउट गाइड दिनेश यादव ने किया।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रांतीय अधिवेशन में सम्मानित हुए अभिषेक कुमार सिंह



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लखनऊ में आयोजित अपराध निरोधक समिति के प्रांतीय अधिवेशन में गाजीपुर जिला सचिव अभिषेक कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला सचिव के पद पर रहते हुए अभिषेक कुमार सिंह ने जिला जेल में बंदियों के लिए योग प्रशिक्षण, कोविड काल में सेनाएटाइजेशन, कैंप लगाकर वैक्सिनेशन आदि कार्य करते रहे। रविवार के दिन एपीएस इंटर कालेज लखनऊ में आयोजित अधिवेशन में न्यायमूर्ति राजीव लोचन मल्होत्रा व चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस मौके डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, पूर्व सचिव आरएस वर्मा, न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सक्सेना, संतोष श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, राजेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अकीदत के साथ मनाया गया सिरफलानी बाबा का उर्स, बड़ी संख्या में पहुंचे जायरीन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बहादुरगंज हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सातनपुर में सिरफलानी बाबा का उर्स अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह कुरान खानी की गई। इसके बाद धीरे-धीरे बाबा के दरबार में अकीदत मंदों सहित बड़ी संख्या में जायरीनो की भीड़ जुटने लगी। यह कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। इसमें मुस्लिम समुदाय के अलावा हिंदू धर्म के लोग भी शरीक हुए और अपने परिवार के सुख समृद्धि के लिए दुआ मांगे। भीड़ के चलते मेले जैसा दृश्य बना रहा। महिलाओं और पुरुषों ने बाबा के मजार पर चादर चढ़ाया, माथा टेका और दुआ मांगी। नगर के मोहल्ला छावनी से देर शाम चादरपोशी के लिए सैकड़ो की संख्या में लोग चादर लेकर कव्वाली के साथ मार्गो पर रुक-रुक कर बाबा का जयकारा लगाते रहे। जहां मजार पर पहुंचकर चादरपोसी की गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस बल भी मुस्तैद रहा। रात में मिलाद शरीफ के साथ अपने देश में भाईचारा वह एकता अखंडता के लिए दुआ की गई। आयोजन को सफल बनाने में मोहम्मद अली खान, बबलू खान, परवेज खान, बबलू खान, सद्दाम, रियाज खान, आरिफ खान, अबूशाद खान, वकार खान, उमेश जायसवाल, नदीम खान, गुड्डू शेख, सकालु अहमद रशीद अहमद, माज खान आदि शामिल रहे।

### स्वामी सहजानंद पीजी कालेज में स्वयंसेवको ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों द्वारा मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डा. विजय कुमार ओझा ने रैली रवाना करते हुए स्वयंसेवकों को मतदान क्यों जरूरी है पर व्याख्यान दिया और उन्होंने बताया कि मतदान हमारा अधिकार है, मतदान के द्वारा हम एक स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना कर सकते है, लेकिन हमारी भागीदारी निश्चित रुप से होनी चाहिए। उन सभी 18 वर्ष से ऊपर नागरिकों को राष्ट्रहित में अवश्य मतदान करना चाहिए। इस अवसर पर डा. विशाल सिंह, अजय कुमार सिंह और कार्यक्रम अधिकारी डॉ॰ कृष्णकांत दूबे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### स्मार्टफोन का छात्राओं को हुआ वितरण




पिंडरा। आचार्य कृपाचार्य गुरु प्रसाद महिला महाविद्यालय दबेथुआ के प्रांगण में मंगलवार को प्रधानमंत्री निःशुल्क स्मार्टफोन योजना के अंतर्गत बी ए तृतीय वर्ष (पंचम सेमेस्टर) के 64 छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया इस दौरान ग्राम प्रधान धनंजय सिंह व अजीत दुबे , बीडीसी नरेंद्र कुमार , प्राचार्य अलोक त्रिपाठी व आनंद त्रिपाठी रहे।

### जनपद में एक मार्च से शुरू हो गई है गेहूँ खरीद, बटाईदारों से भी खरीदा जाएगा गेहूँ

प्रखर संतकबीरनगर। किसानों को शासन की मंशानुरूप न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत (एम.एस.पी.) का लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से जनपद के 44 सरकारी क्रय केन्द्रों पर 01 मार्च से गेहूँ क्रय शुरू हो गई है। इसकी जानकारी जिला खाद्य विपणन अधिकारी रूपेश सिंह ने दी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जय प्रकाश ने बताया कि जनपद में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत (एम.एस.पी.) पर सरकारी क्रय केन्द्रों पर 01 मार्च से गेहूँ क्रय शुरू है । आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत गेहूँ खरीद में 100 कुन्तल तक गेहूँ विक्रय हेतु मात्रा के सत्यापन की जरूरत नहीं होगी। आगामी खरीद सत्र में बटाईदारों के माध्यम से भी गेहूं खरीद की जायेगी। कृषक बन्धुओं को छनाई /उतराई के लिए लेबर मद में लिया जाने वाला रु॰ 20 रु॰ प्रति कुन्तल चार्ज एमएसपी के अलावा उनके आधार लिंक बैंक खाते में प्रेषित किया जायेगा।

**डिप्टी आरएमओ ने बताई गेहूं खरीद प्रक्रिया**- खाद्य विपणन अधिकारी रूपेश सिंह ने खरीद प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय हेतु कृषक बन्धुओं को खाद्य विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in अथवा विभाग के मोबाइल एप up kisan mitra पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीकृत किसानों से ही गेहूँ क्रय किया जायेगा। गेहूँ विक्रय हेतु इच्छुक कृषक खरीद प्रारम्भ होने से पूर्व ही पंजीकरण करायें एवं न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना का लाभ उठायें। गेहूँ विक्रय हेतु कृषक बन्धु किसी भी जनसुविधा केन्द्र, साइबर कैफे या स्वयं से अथवा सरकारी क्रय केन्द्रों पर जाकर निःशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। जनपद में स्थिति सभी मण्डी समितियों में भी निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में पूर्व में पंजीकरण करा चुके कृषकों को गेहूँ विक्रय हेतु पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु उक्त पंजीकरण को संशोधित कर पुनः लॉक कराना होगा।

### बाराचवर में आयोजित हुआ रोजगार मेला, 392अभ्यर्थियों में 169 का हुआ अन्तिम राउंड में चयन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला रोजगार सहायता अधिकारी गाजीपुर ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत कौशल विकास मिशन, गाजीपुर एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजीपुर के संयुक्त तत्वाधान में अमरनाथ पूर्वाचल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सहजतपुर, बाराचवर, गाजीपुर परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कम्पनियॉ क्वैस सर्विस प्रा0लि0, रोहित हाईब्रीड सीड्स प्रा0लि0, रौजा गाजीपुर, जॉब सीकर्स स्टाप द्वारा डिक्सन, पैजेट, मिकुनी हेतु कुल 06 कम्पनियों द्वारा ट्रेनी, मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, फीटर, कम्प्यूटर आपरेटर, इलेक्ट्रानिक मैनूफक्चैरिंग, हेल्पर आदि पदों पर चयन किया गया। मेले में लगभग 392 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से विभिन्न पदों पर कुल 169 अभ्यर्थियों का अन्तिम राउंड हेतु चयन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार महमूद के आवास पर छापे

**कराची।** पाकिस्तान में राष्ट्रपति चुनाव से पहले पुलिस ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और वरिष्ठ राजनेता महमूद खान अचकजई के आवास पर छापेमारी की और एक सरकारी भूखंड को उनके द्वारा किए गए "अवैध कब्जे" से मुक्त कराया। यह कार्रवाई बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में की गई। बलूचिस्तान के 75 वर्षीय नेता अचकजई पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के प्रमुख है और उन्हें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के जेल में बंद नेता इमरान खान ने पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के खिलाफ राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतारा था। क्वेटा में अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने रविवार को अचकजई के आवास पर छापेमारी की और उनके द्वारा 'अवैध रूप से कब्जाए गए' सरकारी स्वामित्व वाले भूखंड को मुक्त कराया।

### इटली की आईटीए ने इस्राइल के लिए उड़ानें फिर शुरू की

**यरुशलम ।** एयर इंडिया और इटली की इटालिया ट्रैस्पोर्टो एरियो (आईटीए) ने इस्राइल के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू कर दीं हैं। एयर इंडिया ने अपने बयान में सोमवार को बताया कि एयर इंडिया ने दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और तेल अवीव के पास बेन गुरियन हवाई अड्डे के बीच मार्ग पर अपनी उड़ानें आंशिक रूप से फिर से शुरू कर दीं। इसके अलावा, इटालियन एयरलाइन ने रोम के फिमिसिनो हवाई अड्डे और तेल अवीव के बीच तीन साप्ताहिक उड़ानों के साथ इस्राइल में अपना परिचालन फिर से शुरू किया।

### फिनलैंड, नॉर्वे व स्वीडन में नाटो ने अभ्यास शुरू किया

**हेलसिकी ।** उत्तर अटलांटिक संध संगठन (नाटो) अपने नव-विस्तारित नॉर्डिक क्षेत्र की रक्षा के लिए सोमवार को एक अभ्यास शुरू किया। तेरह देशों के 20,000 से अधिक सैनिक फिनलैड, नॉर्वे और स्वीडन के उत्तरी क्षेत्रों में लगभग दो सप्ताह तक जारी रहने वाले अभ्यास में हिस्सा लेंगे। फिनलैंड की सेना के अनुसार, इस अभ्यास में फिनलैड के 4,000 से अधिक सैनिकों के भाग लेने की योजना है तथा नॉर्वे के नेतृत्व में आयोजित 'नॉर्डिक रिस्पांस 2024' किसी विदेशी अभ्यास में नाटो के नवागंतुक देश की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी का प्रतिनिधित्व करता है।

### नेतन्याहू की अनुमति के बिना वाशिगटन पहुंचे इस्राइली नेता

**वाशिगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सहमति के बिना वाशिगटन का दौरा कर रहे इस्राइली 'वार कैबिनेट' के एक सदस्य की सोमवार को मेजबानी कर रही है। नेतन्याहू के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बेनी गैट्ज इस हफ्ते हैरिस, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिकन और व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सहित (जो) बाइडन प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करने वाले है। राष्ट्रपति जो बाइडन मंगलवार तक कैम्प डेविड में है। नेतन्याहू की धुर दक्षिणपंथी लिकुड पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि गैट्ज ने वाशिगटन में अपनी बैठक के लिए प्रधानमंत्री की अनुमति नहीं ली और इसलिए नेतन्याहू ने 'वार कैबिनेट' के सदस्य को कड़े शब्द कहे, जो इस्राइल -हमास युद्ध के दौरान इस्राइल के युद्धकालीन नेतृत्व के अंदर दरार को रेखांकित करता है।

# हेली ने वाशिगटन डीसी में ट्रंप को हरा पहली प्राइमरी जीत हासिल की

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार चुनने की प्रक्रिया के तहत हुए वाशिगटन डीसी (डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया) के प्राइमरी चुनाव में निक्की हेली ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हराकर 2024 की प्रचार मुहिम के दौरान अपनी पहली जीत हासिल की। हेली को रविवार को मिली जीत ने ट्रंप के विजयी रथ को अस्थायी रूप से रोक दिया है लेकिन इस सप्ताह होने वाले 'सुपर ट्यूजडे' (महामंगलवार) में पूर्व राष्ट्रपति को बड़ी संख्या में डेलिगेट (मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी सदस्य) का समर्थन मिलने की संभावना है।

'सुपर ट्यूजडे' अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के चयन के लिए प्राइमरी चुनाव प्रक्रिया का वह दिन होता है, जब सबसे अधिक राज्यों में प्राइमरी और कॉकस चुनाव होते है। अपने गृह राज्य साउथ कैरोलाइना में पिछले सप्ताह मिली हार के बावजूद हेली ने कहा था कि वह अपनी दावेदारी नही छोड़ेंगी। हेली (51) को 1,274 वोट (62.9 प्रतिशत) मिले, जबकि उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी और पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को 676 वोट (33.2 प्रतिशत) मिले। इस जीत के बाद हेली को वाशिगटन डीसी के सभी 19 रिपब्लिकन डेलिगेट का समर्थन मिलेगा। इसी के साथ हेली के पास कुल 43 डेलिगेट का समर्थन हो जाएगा। ट्रंप को अब तक



244 डेलिगेट का समर्थन मिल चुका है। राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए किसी भी दावेदार को कम से कम 1,215 डेलिगेट के समर्थन की आवश्यकता होगी।

हेली राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत रिपब्लिकन पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीतने वाली पहली महिला बन गई है। वह डेमोक्रेटिक या रिपब्लिकन प्राइमरी जीतने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी भी है। राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अपनी-अपनी पार्टी के उम्मीदवार बनने के दावेदार-(2016 में) बॉबी जिंदल, (2020 में) कमला हैरिस और (2024 में) विवेक रामास्वामी एक भी प्राइमरी चुनाव नहीं जीत पाए थे। इससे पहले, ट्रंप ने शनिवार को इडाहो और मिसौरी में कॉकस में जीत हासिल की थी और मिशिगन में रिपब्लिकन पार्टी के सम्मेलन में सभी का समर्थन प्राप्त किया था।

## ईरान के संसदीय चुनावों में कट्टरपंथी नेताओं का वर्चस्व बरकरार

**दुबई (एपी)।** ईरान में संसदीय चुनावों के बहिष्कार और कम मतदान के बीच सोमवार को घोषित किए गए मतदान के नतीजों में कट्टरपंथी राजनीतिक नेताओं ने संसद में अपना वर्चस्व कायम रखा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को हुए चुनावों का मतदान प्रतिशत अब तक जारी नहीं किया है और न ही इसमें देर की वजह बताई है।

राजधानी तेहरान में मतदान केंद्रों पर भीड़ नजर नहीं आई थी और इस कारण मतदान प्रतिशत कम रहने की संभावना है। जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी सहित देश में कुछ लोगों ने चुनावों का बहिष्कार किया था। वर्ष 2022 में म्हसा अमिनी (22) की मौत होने पर बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद यह पहला चुनाव था। हिजाब नहीं पहनने के कारण पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद हिरासत में उसकी मौत हो गई थी।

गृह मंत्रालय के प्रवक्ता मोहसिन इस्लामी ने कहा कि मतदाताओं ने पहले चरण में 245 सीट पर उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला किया। शेष 45 सीट पर अप्रैल या मई में चुनाव कराये जाएंगे क्योंकि इन सीट पर उम्मीदवारों को अनिवार्य 20 प्रतिशत वोट नहीं मिले है। कुल निर्वाचित 245 राजनीतिक नेताओं में 200 को कट्टरपंथी समूहों का समर्थन प्राप्त है। समाचार एजेंसी एपी के विश्लेषण के अनुसार, केवल 11 सीट पर महिला उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है, जबकि मौजूदा संसद में महिला सदस्यों की संख्या 16 है। न्यूयॉर्क स्थित सौफान सेंटर थिक टैंक ने सोमवार को एक विश्लेषण में कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि शुक्रवार के चुनावों ने इस बात की फिर से पुष्टि की है कि निकट भविष्य में ईरान की नीतियां नहीं बदलेंगी, लेकिन मतदान से यह प्रदर्शित हुआ कि ईरानी अवाम इस्लामी गणराज्य की नीतियों से असंतुष्ट है।

# 4 नए अंतरिक्ष यात्री 6 माह के लिए अंतरिक्ष स्टेशन रवाना



**केप केनवरल (अमेरिका) (एपी)।** चार अंतरिक्ष यात्री रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए जहां वे छह महीने के अपने प्रवास के दौरान दो नए रॉकेटशिप (रॉकेट द्वारा संचालित अंतरिक्ष यान) के आगमन की निगरानी करेंगे। अमेरिका की निजी अंतरिक्ष परिवहन सेवा कंपनी 'स्पेसएक्स' के फाल्कन रॉकेट ने अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा केमैथ्यू डोमिनिक, माइकल बराट और जेनेट एप्स तथा रूस के एलेक्जेंडर ग्रेबेनकिन को लेकर केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी।

अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को आईएसएस पहुंचेंगे। वे अमेरिका, डेनमार्क, जापान और रूस के अंतरिक्ष यात्रियों का स्थान लेंगे जो अगस्त से वहां मौजूद है। तेज हवा के कारण इन अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने में तीन दिन की देरी हुई। ये नए अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में छह महीने तक रहने के दौरान दो रॉकेटशिप के आगमन की निगरानी करेंगे। जेनेट एप्स दूसरी अश्वेत महिला है जिन्हें अंतरिक्ष स्टेशन पर इतने लंबे मिशन के लिए भेजा गया है। उन्होंने उड़ान भरने से पहले कहा कि वह खासतौर से अश्वेत लड़कियों के लिए आदर्श बनकर गर्व महसूस कर रही है और उन्हें यह दिखा रही है कि अंतरिक्ष यात्रा 'उनके लिए भी एक विकल्प है।' पेशे से इंजीनियर एप्स ने 2009 में अंतरिक्ष यात्री बनने से पहले फोर्ड मोटर कंपनी और सीआईए के लिए काम किया है।

एप्स को 2018 में रूस के एक रॉकेट से अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजा जाना था लेकिन उनके स्थान पर किसी और को भेज दिया गया था और इसकी वजह का कभी सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं किया गया। अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले नए यात्रियों में नौसेना पायलट डोमिनिक तथा रूसी सेना के पूर्व अधिकारी ग्रेबेनकिन भी शामिल है। पेशे से डॉक्टर बराट (65) का यह तीसरा अंतरिक्ष मिशन है। वह अंतरिक्ष में उड़ान भरने वाले सबसे उम्रदराज यात्री हैं।

# कैलिफोर्निया में बर्फीले तूफान से सड़कें बंद, बिजली गुल

**वाशिंगटन (वार्ता) ।** अमेरिका में जारी भारी हिमपात और तेज बर्फीले तूफान के कारण कैलिफोर्निया में एक प्रमुख सड़कमार्ग पर यातयात बंद रहा और हजारों घरों में बिजली आपूर्ति ठप रही। सर्दियों के तूफान ने गुरुवार से उत्तरी कैलिफोर्निया और पर्वत श्रृंखलाओं को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे इस क्षेत्र में 3.6 मीटर तक भारी हिमपात हुआ और 3.5 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की तो हवाएं चल रही है। इसी कारण रविवार को विभिन्न इलाकों में परिवहन नेटवर्क प्रभावित रहा तथा घरों में बिजली कटी रही।

सबसे भीषण बर्फीले तूफान ने परिवहन नेटवर्क को गंभीर रूप से बाधित कर दिया है। रेनो, नेवादा को सैक्रामेंटो, कैलिफोर्निया से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग तथा अंतरराज्यीय 80 का 160 किमी से अधिक लंबा मार्ग रविवार को नेवादा सीमा के पास बंद रहा। कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल (सीएचपी) के मुताबिक सड़क मार्ग को फिर से खोलने का कोई अनुमानित समय नहीं है। सैकड़ों यात्री और 300 से अधिक वाहन जाम की चपेट में घंटों तक फंसे रहे।

दूसरी तरफ बिजली कटौती भी एक बड़ी चिंता का विषय बन गई है। एक ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार कैलिफोर्निया में 12,000 से अधिक घरों और व्यवसायों में रविवार शाम तक बिजली नहीं थी। लगातार हो रहे हिमपात के कारण राजमार्गों से बर्फ हटाने के प्रयासों में बाधा आ रही है। कर्मचारियों को कठोर परिस्थितियों के बीच उपकरण संचालित करने में संघर्ष करना पड़ रहा है। कैलिफोर्निया परिवहन विभाग ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें स्नो ब्लोअर को सीमित दृश्यता के साथ भारी बर्फ के बीच धीमी गति से चलते हुए दिखाया गया है। एजेंसी ने महत्वपूर्ण उपकरण विफलताओं की सूचना दी, जिसमें उनकी सामान्य बर्फ हटाने की परिचालन क्षमताओं का केवल एक अंश था। एजेंसी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'किंगवेल में हमारे सेंट्रल हब में हमारे 10 में से दो ब्लोअर बंद हो गए है और ऑबर्न से नेवादा स्टेट लाइन तक 20 में से छह ब्लोअर बंद हो गए है।'

## अमेरिकी वायु सेना में शामिल होंगे मानव रहित लड़ाकू विमान

**वाशिंगटन (वार्ता)।** अमेरिकी वायु सेना ने अगले पांच वर्षों में कम से कम 1,000 मानव रहित छोटे लड़ाकू विमान को सेवा में शामिल करने की मांग की है।

जिनमें से कई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों की बदौलत स्वायत्त रूप से संचालित हो सकते हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसे मानवरहित लड़ाकू विमानों को एफ-35 लड़ाकू विमानों या बी-21 बमवर्षकों सहित मानवयुक्त विमानों का साथ देने और उनकी सुरक्षा करने के लिए डिाइन किया जाएगा। अखबार ने बताया कि वे अन्य विमानों और जमीनी ठिकानों पर हमला करने के लिए अपने हथियार ले जाने में भी सक्षम होंगे और उनका इस्तेमाल टोही विमान और संचार केंद्र के रूप में भी किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विशेष सॉफ्टवेयर विमानों को स्वायत्त रूप से उड़ान भरने और बदलती युद्ध स्थितियों के अनुकूल होने की अनुमति देगा।

# प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से गठबंधन तोड़ा, मंत्रिमंडल में किया फेरबदल

**काठमांडू (भाषा)।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने नेपाली कांग्रेस के साथ अपनी लगभग 15 महीने की साझेदारी को मतभेदों के कारण सोमवार को खत्म कर दिया और मंत्रिमंडल में फेरबदल किया। प्रचंड ने पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली नीत कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के साथ नया गठबंधन किया, जिसके बाद सोमवार अपराह्न में तीन मंत्रियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन 'शीतल निवास' में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सीपीएन-यूएमएल से पदम गिरी, सीपीएन (माओवादी केंद्र) से हित बहादुर तमांग और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) से डोल प्रसाद अर्याल ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। हालांकि, नवनियुक्त मंत्रियों को विभाग नहीं सौंपे गए है।

सीपीएन-यूएमएल, सीपीएन (माओवादी केंद्र), आरएसपी और जेएसपी की सामूहिक

**ओली नीत कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के साथ नया गठबंधन**

**सीपीएन-यूएमएल के पदम गिरी, सीपीएन के हित बहादुर तमांग और आरएसपी से डोल प्रसाद अर्याल नए मंत्री**

ताकत 142 है, जो 275 सदस्यीय सदन में न्यूनतम आवश्यक 138 सीट से अधिक है। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के एक नेता ने कहा कि प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन (माओवादी केंद्र) और शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस के बीच गठबंधन समाप्त हो गया है क्योंकि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच मतभेद काफी गहरा गए है। सीपीएन (माओवादी केंद्र) के सचिव गणेश शाह ने कहा, 'नेपाली कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के साथ सहयोग नहीं किया, इसलिए हम नए गठबंधन की तलाश करने के लिए मजबूर है।' प्रचंड 25 दिसंबर, 2022 को नेपाली कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे। प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन तोड़ने के बाद प्रचंड ने ओली के नेतृत्व वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) से हाथ मिलाने का फैसला किया। हालांकि, ओली को प्रचंड का आलोचक माना जाता है।

पिछले साल, राष्ट्रपति चुनाव के लिए मुख्य विपक्षी दल के उम्मीदवार को समर्थन देने पर मतभेद के बाद सीपीएन-यूएमएल ने प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। कुछ परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन के मुद्दे पर नेपाली कांग्रेस नेता एवं वित्त मंत्री प्रकाश शरण महत और प्रचंड के बीच मतभेद बढने के बाद दोनों दलों के बीच दरार बढ गई।

## जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश पर 9 बांग्लादेशी हिरासत में


**भुवनेश्वर (भाषा)।** पुरी के जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने के आरोप में ओडीशा पुलिस ने नौ बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के कुछ कार्यकर्ताओं ने शिकायत की थी कि कई गैरहिंदू बांग्लादेशी 12वीं सदी के मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं और मंदिर के मानदंडों का उल्लंघन कर रहे हैं। जिसके बाद सिहद्वार पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई और रविवार की शाम नौ बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया गया।

पुरी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील मिश्रा ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद उन्होंने पूछताछ करने के लिए पर्यटकों को हिरासत में लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा, 'हमें शिकायत मिली है कि बांग्लादेश के कुछ गैर-हिदू लोगों ने मंदिर में प्रवेश किया। हमने नौ बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।'

# भारत सैन्य सामान मामले में आयात पर निर्भर नहीं रह सकता : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली (भाषा)।** घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार की प्राथमिकता को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत जैसा विशाल देश सैन्य साजो-सामान के आयात पर निर्भर नहीं रह सकता क्योंकि ऐसी निर्भरता उसकी रणनीतिक स्वायत्तता के लिए 'घातक' हो सकती है। सिंह ने 'डेफकनेक्ट 2024' सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि रक्षा आयात पर निर्भरता के कारण भारत को अतीत में 'मुश्किल समय' में परेशानी का सामना करना पड़ा था।



**निर्भरता उसकी रणनीतिक स्वायत्तता के लिए 'घातक'**

उन्होंने कहा कि घरेलू रक्षा उत्पादन का वार्षिक आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है जो 2014 के आसपास लगभग 44,000 करोड़ रुपये था। सिंह ने कहा, 'हम रणनीतिक स्वायत्तता तभी बरकरार रख पाएंगे जब हथियार और साजो-सामान हमारे देश में, हमारे अपने लोगों द्वारा बनाए जाएं। हमने इस दिशा में काम किया और हमें सकारात्मक परिणाम भी दिखे।'

उन्होंने कहा, 'वर्ष 2014 के आसपास, हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन लगभग 44,000 करोड़ रुपये था, आज हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है और यह लगातार बढ़ रहा है।' रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत किसी भी महत्वपूर्ण क्षेत्र में आयात पर निर्भर नहीं रह सकता।

उन्होंने कहा, 'भारत जैसा विशाल देश किसी भी महत्वपूर्ण क्षेत्र में आयात पर निर्भर नहीं रह सकता। अगर हम सैन्य साजो-सामान और हथियारों के आयात पर निर्भर रहेंगे तो यह निर्भरता हमारी रणनीतिक स्वायत्तता के लिए घातक हो सकती है।'

## गाजा सिटी पर इस्राइली हमला, कई लोग मारे गए

**गाजा (वार्ता)।** गाजा शहर में मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे कई फिलिस्तीनी इस्राइली हमले में मारे गए और कई लोग घायल हो गए। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने रविवार को एक प्रेस बयान में यह जानकारी दी।



फिलिस्तीनी सुरक्षा और चिकित्सा सूों ने बताया कि इस्राइली बलों ने गाजा शहर के दक्षिण में कुवैत चौराहे पर आटे से लदे सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे लोगों पर गोलीबारी की। इससे पहले रविवार को सरकारी फिलिस्तीन टीवी के अनुसार, इस्राइली युद्धक विमानों ने मध्य गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह में मानवीय सहायता ले जा रहे एक छोटे ट्रक पर बमबारी की, जिसमें कम से कम आठ लोग मारे गए।

## पाकिस्तान न्यूज

### शहबाज ने दूसरी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ

**इस्लामाबाद।** शहबाज शरीफ ने सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। शरीफ ने 2022 के बाद दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई ने ऐसे समय में बागडोर संभाली है, जब देश आर्थिक बदहाली का सामना कर रहा है। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने राष्ट्रपति भवन 'ऐवान-ए-सद्र' में आयोजित एक समारोह में 72 वर्षीय शहबाज को पद की शपथ दिलाई। संक्षिप्त समारोह पवित्र कुरान के पाठ के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद शपथ ग्रहण हुआ। समारोह में तीनों सेनाओं के प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी, राजनयिक, प्रमुख कारोबारी, नागरिक समाज और मीडिया संगठनों के सदस्य शामिल हुए।



# सीएनजी स्टेशनों पर कम होंगी वाहनों की कतारें

**नई दिल्ली।**

देश में जिस रफ्तार से सीएनजी स्टेशनों की संख्या में वृद्धि हो रही है, उससे यह तय है कि आने वाले समय में सीएनजी फिलिंग के लिए स्टेशनों पर वाहनों की कतार नहीं लगेंगी। इसकी मुख्य वजह इलेक्ट्रिक वाहनों की वृद्धि के साथ-साथ तेजी से सीएनजी फिलिंग स्टेशनों की संख्या में विस्ता किया जाना है। अगले पांच वर्ष में सीएनजी फिलिंग स्टेशनों संख्या 17,500 हो जाएंगी। अभी देशभर में इनकी कुल संख्या 6,258 सीएनजी फिलिंग स्टेशन हैं।

केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल के वाहनों के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रोत्साहन देने में लगी हुई है। इसी क्रम में सामान्तर रूप में गैस का बाजार भी व्यापक करने में लगी हुई है। लिहाजा वर्ष 2030 तक करीब 30 प्रतिशत वाहनों को ई-वाहन में तब्दील करने लक्ष्य के साथ-साथ सीएनजी फिलिंग स्टेशनों में करीब तीन गुना वृद्धि की जा रही है। ई-वाहन और सीएनजी स्टेशनों के समान रूप से विस्तार से यह संभव है कि आने वाले दिनों में सीएनजी फिलिंग स्टेशनों पर वाहनों की कतारें लगनी बंद हो जाएं।

पीएनजीआरबी की ओर से 12वें दौर के सिटी गैस वितरण (सीजीडी) की बोली के साथ ही केवल अंडमान निकोबार को छोड़कर देश के सभी हिस्सों में पाइपलाइन गैस (पीएनजी) की पहुंच हो गई है। इस दौर में आठ भूगौलिक क्षेत्र को कवर किया गया है। इसमें पूर्वोत्तर के छह राज्य अरुणाचल प्रदेश, मेघायल, मणिपुर, नगालैंड, सिक्किम व मिजोराम और केंद्रशासित राज्य जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हैं। इसके 103 जिलों में सिटी गैस वितरण व्यवस्था का विस्तार किया जाएगा। इस पर 41 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे।



**ई-वाहनों के प्रोत्साहन के बीच बढ़ रहे हैं सीएनजी स्टेशन**

**2030 तक देश में होंगे 17,500 सीएनजी स्टेशन**

**पीएनजी डोमेस्टिक कनेक्शन भी होंगे 1.20 करोड़**

पीएनजी न केवल घरेलू और वाहनों के लिए बड़ी जरूरत बनती जा रही है बल्कि औद्योगिक और वाणिज्यिक इकाइयों को संचालित करने में बतौर ईंधन/ऊर्जा मदद कर रही हैं। इस बाबत पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी का कहना है कि 26 जनवरी से 31 मार्च तक घरेलू उपयोग के लिए पीएनजी अपनाने का अभियान चलाया जा रहा है। 33,753 किलोमीटर प्राकृतिक गैस की पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, जिसमें से 24,623 किलोमीटर उपयोग में है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा समय में देशभर 1.21 करोड़ घरेलू पीएनजी कनेक्शन है जबकि 6,258 सीएनजी फिलिंग स्टेशन हैं। लेकिन लक्ष्य यह है कि वर्ष 2030 तक 12 करोड़ घरेलू पीएनजी उपभोक्ता होंगे और 17,500 सीएनजी स्टेशन तैयार हो जाएंगे। इस तरह से सीएनजी फिलिंग स्टेशनों पर लगने वाली कतार कम होगी।

## चंडीगढ़ ननि चुनाव : डिप्टी मेयर का चुनाव जीती भाजपा

**चंडीगढ़ ।** चंडीगढ़ नगर निगम के लिए सोमवार को हुए पुनर्मतदान में भाजपा के कुलजीत सिंह संधू और राजिंदर शर्मा अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवारों को हराकर क्रमशः वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर चुने गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव के 30 जनवरी को घोषित परिणाम को 20 फरवरी को पलटते हुए आप-कांग्रेस गठबंधन के पराजित उम्मीदवार कुलदीप कुमार को शहर का नया महापौर घोषित किया था। न्यायालय ने 30 जनवरी के चुनाव के संचालन में गंभीर खामियां पाए जाने के बाद निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह, जो भाजपा नेता है, के खिलाफ 'गंभीर कदाचार' के लिए मुकदमा चलाने का भी आदेश दिया था। चूंकि वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के पद के चुनाव के लिए महापौर पीठासीन अधिकारी होता है, इसलिए इन पदों के लिए दोबारा मतदान कराया गया। इन पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया का संचालन 'आप' के कुमार ने किया जिन्होंने हाल में चंडीगढ के महापौर का पदभार संभाला है।



कुलजीत संधू
वरिष्ठ उपमहापौर



राजिंदर शर्मा
उपमहापौर

# दो और अधिकारी गिरफ्तार, दो करोड़ से अधिक की बरामदगी

**एनएचएआई रिश्वत रैकेट**

**नई दिल्ली (भाषा)।** सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट के भंडाफोड़ से संबंधित मामले में मध्य प्रदेश में कार्यरत एक उप महाप्रबंधक समेत एनएचएआई के दो और अधिकारियों को गिरफ्तार किया है, जिसके बाद गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है।

भोपाल में परियोजना निदेशक का प्रभार संभाल रहे उप महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार गुप्ता और विदिशा में परियोजना निदेशक के रूप में कार्यरत हेमंत कुमार को एनएचएआई के अधिकारियों और भोपाल स्थित बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े रिश्वतखोरी रैकेट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने रविवार को रिश्वतखोरी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए नागपुर में तैनात एनएचएआई के महाप्रबंधक और परियोजना निदेशक अरविंद काले और मध्य प्रदेश के हरदा में तैनात उप महाप्रबंधक ब्रिजेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया था। काले ने कथित तौर पर 20 लाख रुपये की रिश्वत ली थी। अधिकारियों ने कहा, विदिशा और डिडोरी में छापेमारी के बाद कुल बरामदगी बढ़कर दो करोड़ रुपये से अधिक हो गई है और इसमें अभियान के दौरान जब्त किए गए आभूषण और नकदी भी शामिल है। उन्होंने बताया, आरोपियों को भोपाल की एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें नौ मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। अधिकारियों ने कहा, कंपनी के दो निदेशकों (अनिल बंसल और कुणाल बंसल) और चार कर्मचारियों को भी अभियान के दौरान हिरासत में लिया गया।

**खबर संक्षेप**

### गोदरेज प्रॉपर्टीज बेंगलुरु में बनाएगी टाउनशिप



**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि वह बेंगलुरु में 5,000 करोड़ रुपये की अनुमानित राजस्व क्षमता वाली एक टाउनशिप विकसित करेगी। यह 62 एकड़ क्षेत्रफल में फैली होगी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसने उत्तरी बेंगलुरु में एक बड़ी टाउनशिप परियोजना विकसित करने के लिए एक भूमि स्वामित्व इकाई के साथ पक्का समझौता किया है। इस समझौते के तहत मुनाफे को साझा किया जाएगा।

### सोना 64,200 रुपए पर अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 64,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। हालांकि, चांदी का भाव 200 रुपये की गिरावट के साथ 72,800 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, दिल्ली के बाजारों में सोना (24 कैरेट) 64,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाजिर भाव पर रहा जो

### रुपया दो पैसे की तेजी के साथ 82.89 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे की तेजी के साथ 82.89 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशों में डॉलर के कमजोर होने और शेयर बाजार में तेजी की धारणा से रुपये को समर्थन प्राप्त हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा, हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और विदेशी कोषों की निकासी के कारण रुपये पर कुछ दबाव था।

### ओपेक प्लस के देश कटौती आगे भी जारी रखेंगे



**न्यूयॉर्क।** सऊदी अरब की अगुवाई में तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक के कुछ सदस्य और रूस जैसे देश कच्चे तेल के उत्पादन में स्वैच्छिक कटौती को और आगे बढ़ा रहे हैं। बहुराष्ट्रीय संगठन के सचिवालय ने रविवार को बताया कि कई ओपेक प्लस देशों ने उत्पादन में प्रतिदिन लगभग 22 लाख बैरल की कटौती का विस्तार किया है। सऊदी अरब ने अपनी 10 लाख बैरल प्रतिदिन की कटौती को 2024 की दूसरी तिमाही के अंत तक बढ़ाने का फैसला किया है। ऊर्जा मंत्रालय के सूत्रों का कहना है

### विपुल ऑर्गेनिक्स को मिला टीएनपीएल से ठेका




**नई दिल्ली।** विशेष रसायन विनिर्माता विपुल ऑर्गेनिक्स ने सोमवार को कहा कि उसे टीएनपीएल से 7.15 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी को तमिलनाडु न्यूजप्रिंट एंड पेपर लिमिटेड (टीएनपीएल) से यह ठेका नीले और बैंगनी पिगमेंट डाई की आपूर्ति के लिए मिला। विपुल ऑर्गेनिक्स ने 2022 में पेपर डाई कारोबार में प्रवेश किया था। कंपनी के कार्यकारी निदेशक मिहिर वी शाह ने एक बयान में कहा, 'दो साल के भीतर, हम कागज उद्योग के लिए पसंदीदा रंग आपूर्तिकर्ता बन गए हैं।

# टाटा मोटर्स के डीमर्जर का बड़ा प्लान, बंट जाएगी दो लिस्टेड कंपनियों में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा ग्रुप की दिग्गज कंपनी टाटा मोटर्स को लेकर एक बड़ी खबर आई है। कंपनी के बोर्ड ने सोमवार को टाटा मोटर्स के कारोबार को दो अलग-अलग हिस्सों में बांटने की मंजूरी दे दी है। कंपनी डीमर्जर के माध्यम से आने वाले समय में कमर्शियल व्हीकल बिजनेस और पैसेंजर व्हीकल बिजनेस को अलग करेगी। कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में यह जानकारी दी। शेयर बाजारों को दी जानकारी में टाटा मोटर्स ने कहा कि उसने पैसेंजर और इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए दो अलग-अलग लिस्टेड कंपनियों में विलय करने की योजना बनाई है। कमर्शियल व्हीकल बिजनेस और उससे संबंधित निवेश को एक अलग कंपनी में और पैसेंजर व्हीकल बिजनेस, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन, जगुआर लैंड रोवर और संबंधित निवेश शामिल हैं, को दूसरी कंपनी में रखा जाएगा। टाटा मोटर्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा, 'टाटा मोटर्स ने पिछले कुछ वर्षों में मजबूत बदलाव की कहानी लिखी है। तीनों ऑटोमोटिव बिजनेस इकाइयां अब स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं और लगातार प्रदर्शन कर रही हैं। इस डीमर्जर से उन्हें अपना फोकस और चपलता बढ़ाकर बाजार द्वारा प्रदान किए गए अवसरों को बेहतर ढंग से भुनाने में मदद मिलेगी। डीमर्जर से ग्राहकों को बेहतर अनुभव, कर्मचारियों को बेहतर विकास की संभावनाएं और शेयरधारकों को बेहतर मूल्य मिलेगा।'

**पैसेंजर और इलेक्ट्रिक व्हीकल बिजनेस पर ध्यान देने योजना बनाई गई**

#### डीमर्जर में लगेगा 12-15 महीने का समय

एक्सचेंज फाइलिंग में चंद्रशेखरन ने कहा कि डीमर्जर की व्यवस्था की योजना को आने वाले महीनों में मंजूरी के लिए कंपनी बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा और यह सभी आवश्यक शेयरधारक, ऋणदाता और नियामक अनुमोदन के अधीन होगा, जिसे पूरा होने में 12-15 महीने का समय लग सकता है। चन्द्रशेखरन ने कहा, 'डीमर्जर का कर्मचारियों, ग्राहकों और हमारे बिजनेस पार्टनर्स पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।'




#### डीमर्जर से ग्रोथ को मिलेगा बढ़ावा

चन्द्रशेखर ने कहा कि डीमर्जर 2022 की शुरुआत में किए गए पीवी और ईवी व्यवसायों के सहायकीकरण की एक तार्किक प्रगति है। कंपनी ने फाइलिंग में कहा कि यह कदम संबंधित व्यवसायों की जवाबदेही को मजबूत करते हुए अधिक चपलता के साथ उच्च विकास प्रदान करने के लिए अपनी संबंधित रणनीतियों को आगे बढ़ाने के लिए सशक्त बनाएगा।

### वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से बेहतर रहे

# मूडीज ने 2024 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर किया 6.8 फीसदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2024 के कैलेंडर साल के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था।

वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से कहीं बेहतर रहे हैं, जिसकी वजह से मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है। कैलेंडर साल 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत रही है। ऐसे में पूरे 2023 के साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि सरकार के पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों ने 2023 में वृद्धि के मोर्चे पर सार्थक नतीजे दिए हैं। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां अब कम रह गई हैं, जिसकी वजह से भारत आसानी से छह से सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है।




#### 2024 में जीडीपी की वृद्धि दर 6.4 फीसदी होगी

मूडीज ने कहा कि 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उच्च-आवृत्ति के संकेतकों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की सितंबर और दिसंबर तिमाही की मजबूत रफ्तार 2024 की मार्च तिमाही में जारी है।

#### बुनियादी ढांचा क्षेत्र आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा

इस साल के अंतरिम बजट में पूंजीगत व्यय के लिए आवंटन 11.1 लाख करोड़ रुपये या 2024-25 के सकल घरेलू उत्पाद के 3.4 प्रतिशत के बराबर रखा गया है। यह 2023-24 के अनुमान से 16.9 प्रतिशत अधिक है। मूडीज ने कहा, 'हम आम चुनाव के बाद नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता की उम्मीद कर रहे हैं। इसके अलावा हमारा मानना है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा।'

#### वर्ष 2024 कई देशों के लिए चुनावी साल


रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हालांकि निजी औद्योगिक पूंजीगत व्यय की वृद्धि धीमी रही है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण के लाभ और सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं पर निवेशकों की प्रतिक्रिया से इसमें तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024 भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे कई जी20 देशों के लिए चुनावी साल है।

#### भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेज बढ़ने वाली होगी

मूडीज ने अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024 में कहा, 'भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के कारण हमने 2024 के लिए अपना वृद्धि दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।'

# यूएई, बांग्लादेश को 64,400 टन प्याज का होगा निर्यात

**नई दिल्ली।** सरकार ने नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और बांग्लादेश को 64,400 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दे दी है। वाणिज्य मंत्रालय ने इस बारे में अधिसूचना जारी की है। बांग्लादेश को जहां 50,000 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी गई है, वहीं



यूएई को 14,400 टन प्याज का निर्यात किया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, 'एनसीईएल के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात को तिमाही 3,600 टन की सीमा के साथ 14,400 टन प्याज का निर्यात अधिसूचित किया गया है।' डीजीएफटी वाणिज्य मंत्रालय की इकाई है जो आयात और निर्यात से संबंधित मानदंड को देखती है। बांग्लादेश को निर्यात के बारे में कहा गया है कि इसका तौर-तरीका एनसीईएल उपभोक्ता मामलों के विभाग के साथ विचार-विमर्श में तय करेगा। हालांकि, प्याज के निर्यात पर अभी प्रतिबंध है लेकिन सरकार कुछ मित्र देशों को एक निश्चित मात्रा में इसके निर्यात की अनुमति देती है। इस निर्यात की अनुमति सरकार द्वारा अन्य देशों से मिले अनुरोधों के आधार पर दी जाती है।

#### पिछले साल 9.75 लाख टन का निर्यात

चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल, 2023 से चार अगस्त, 2023 के बीच देश से 9.75 लाख टन प्याज का निर्यात किया गया। मूल्य के लिहाज से शीर्ष तीन आयातक देश बांग्लादेश, मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात हैं।

# सरकार ने तंजानिया को दी चावल निर्यात की अनुमति

**30 हजार टन गैर बासमती सफेद चावल होंगे निर्यात**

**नई दिल्ली।** सरकार ने तंजानिया को 30,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल और जिबूती और गिनी बिसाऊ को 80,000 टन टूटे चावल के निर्यात की अनुमति दी है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा है कि नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लि. (एनसीईएल) के माध्यम से यह निर्यात किया जाएगा। हालांकि, घरेलू आपूर्ति को बढ़ाने के लिए 20 जुलाई, 2023 से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध है। सरकार अनुरोध के आधार पर कुछ देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों के लिए निर्यात की अनुमति देती है। तंजानिया एक पूर्वी अफ्रीकी देश है, जबकि जिबूती अफ्रीकी महाद्वीप के उत्तर-पूर्वी तट पर है। गिनी-बिसाऊ पश्चिम अफ्रीका का देश है।



#### नेपाल, कैमरून को निर्यात की दे चुका अनुमति

अधिसूचना के अनुसार, जिबूती को 30,000 टन और गिनी बिसाऊ को 50,000 टन टूटे चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है। भारत पहले भी नेपाल, कैमरून, कोटे डी आइवर, गिनी, मलेशिया, फिलिपीन और सेशेल्स जैसे देशों को इसके निर्यात की अनुमति दे चुका है।

### शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी


**मुंबई।** शेयर बाजारों में सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक-बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। मूडीज के 2024 के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान बढ़ाये जाने के बीच ऊर्जा और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 66.14 अंक चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 73,872.29 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 27.20 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड स्तर 22,405.60 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, मानक सूचकांक जरूर रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए लेकिन बाजार दायरे में रहा। मुख्य रूप से बैंक, ऊर्जा और दवा शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही।

# चीनी उत्पादन में आएगी मामूली गिरावट : इस्मा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योग संगठन इस्मा ने सोमवार को कहा कि चालू विपणन वर्ष 2023-24 में अब तक देश का चीनी उत्पादन 1.19 प्रतिशत घटकर दो करोड़ 55.3 लाख टन रहा। एक साल पहले की समान अवधि में फरवरी तक चीनी का उत्पादन दो करोड़ 58.4 लाख टन हुआ था।

चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितम्बर तक चलता है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर तीन करोड़ 30.5 लाख टन होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वर्ष में तीन करोड़ 66.2 लाख टन था। इस्मा के अनुसार, चालू विपणन वर्ष के फरवरी तक महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और तमिलनाडु में चीनी उत्पादन कम रहा।



#### देश में चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक महाराष्ट्र

इस्मा ने कहा, 'मौजूदा सत्र में, महाराष्ट्र और कर्नाटक में मिलों के बंद होने की दर पिछले साल की तुलना में धीमी है, जिससे संकेत मिलता है कि इस साल इन राज्यों में सत्र की समाप्ति लंबी हो सकती है।' इसमें कहा गया है कि इस साल अब तक इन दोनों राज्यों में कुल 49 चीनी मिलें बंद हो चुकी हैं, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 74 फैक्ट्रियां बंद हुई थीं।

# लाइटहाउस ने किया सफारी में 229 करोड़ का निवेश




एजेंसी ▶▶| मुंबई

निजी इक्विटी कोष लाइटहाउस ने सूटकेस, बैग ब्रांड सफारी में 229 करोड़ रुपये का निवेश किया है। हालांकि, इस निवेश के जरिये लाइटहाउस को सफारी में कितनी हिस्सेदारी मिली है, इसका खुलासा नहीं किया गया है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका है कि कंपनी नई जुटाई गई राशि का कैसे इस्तेमाल करेगी। लाइटहाउस के सह-संस्थापक और भागीदार सचिन भारतीय ने कहा कि देश का बैग, सूटकेस बाजार छुट्टियों लिए यात्रा और शादी-विवाह पर खर्च से लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा, ''सफारी विवेकाधीन खर्च में विस्तार का लाभ उठाने के लिए बेहतर स्थिति में है। इसके अलावा उपभोक्ताओं का झुकाव भी आज ब्रांडेड सामान की ओर है।''
सफारी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सुधीर जटिया ने कहा कि बैग का बाजार अब भी अधिक असंगठित क्षेत्र में है।

**डिजिटल भुगतान जागरूकता समारोह में बोले आरबीआई गवर्नर**

# बैंक को भुगतान एग्रीगेटर से जुड़ने की सुविधा होगी खत्म

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि इंटरनेट बैंकिंग की सुगम भुगतान प्रणाली की 2024 में शुरुआत होने की संभावना है जिससे कारोबारियों को लेनदेन के फौरन निपटान की सुविधा मिल सकेगी।

इंटरनेट बैंकिंग ऑनलाइन भुगतान लेनदेन के सबसे पुराने तरीकों में से एक है और यह आयकर, बीमा प्रीमियम, म्यूचुअल फंड भुगतान और ई-कॉमर्स जैसे भुगतानों के लिए एक पसंदीदा तरीका है। फिलहाल इस तरह के लेनदेन भुगतान 'एग्रीगेटर' (पीए) के माध्यम से संपन्न होते हैं।

इस लेनदेन में एक बैंक को अलग-अलग ऑनलाइन मंचों के हरेक भुगतान एग्रीगेटर के साथ अलग से संबद्ध होने की जरूरत होती है। भुगतान 'एग्रीगेटर' एक तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाता है जो ग्राहकों को ऑनलाइन भुगतान स्वीकार करने और व्यवसायों को भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाता है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने यहां डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 'कई भुगतान एग्रीगेटर के होने से एक बैंक के लिए हरेक पीए के साथ एकीकृत होना मुश्किल होता है। इसके अलावा, एक भुगतान प्रणाली के अभाव और ऐसे लेनदेन के लिए अलग नियम होने से व्यापारियों को भुगतान की राशि खाते में आने में देरी होती है और निपटान जोखिम भी बना रहता है।'

**भुगतान 'एग्रीगेटर' एक तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाता है**






#### एनबीबीएल को दी गई जिम्मेदारी

इन बाधाओं को ध्यान में रखते हुए, आरबीआई के 'भुगतान दृष्टिकोण 2025' में इंटरनेट बैंकिंग लेनदेन के लिए एक अंतर-संचालनीय भुगतान प्रणाली की परिकल्पना की गई थी। इसके लिए आरबीआई ने एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड (एनबीबीएल) को ऐसी प्रणाली लागू करने की मंजूरी दी थी।

#### त्वरित निपटान की सुविधा होगी

दास ने कहा, 'हमें चालू कैलेंडर वर्ष के दौरान इंटरनेट बैंकिंग के लिए यह भुगतान प्रणाली शुरू होने की उम्मीद है। नई प्रणाली से कारोबारियों को धन के त्वरित निपटान की सुविधा होगी। इस उपाय से डिजिटल भुगतान में उपयोगकर्ताओं का भरोसा बढ़ेगा।'

# सनराइजर्स के तीन साल में चौथे कप्तान बने कमिंस, लारा की जगह विटोरी मुख्य कोच


एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे। वह पिछले तीन साल में सनराइजर्स की कप्तानी संभालने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज को 20.50 करोड़ रुपए में खरीदा था।

वह आईपीएल नीलामी में सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं। कमिंस दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम की जगह लेंगे जिन्होंने 2023 के सत्र में टीम की अगुवाई की थी। सनराइजर्स ने कमिंस की तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पर लिखा, 'हमारे नए कप्तान पैट कमिंस।'

### मार्कराम ने दिलाई सिर्फ चार जीत

सनराइजर्स 2023 के सत्र में मार्कराम की कप्तानी में अंतिम स्थान पर रही थी। उसकी टीम तब 14 लीग मैच में से केवल चार में जीत दर्ज कर पाई थी। मार्कराम की कप्तानी में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने इस साल एसए20 का खिताब जीता था, लेकिन इसके बावजूद वह आईपीएल में अपनी कप्तानी बरकरार नहीं रख सके। वह हालांकि टीम का हिस्सा बने रहेंगे।



### वार्नर और विलियमसन भी कर चुके कप्तानी

सनराइजर्स पिछले तीन साल में अपने कप्तान बदलता रहा है। इसकी शुरुआत 2021 में हुई जब ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज डेविड वार्नर को सत्र के बीच में कप्तानी से हटा दिया गया था। सनराइजर्स ने वार्नर की कप्तानी में ही 2016 में आईपीएल का खिताब जीता था। वार्नर की जगह न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को कप्तान नियुक्त किया गया।

### पहली बार संभालेंगे कमान

कमिंस इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली डेयरडेविल्स की तरफ से आईपीएल में खेल चुके हैं। हालांकि आईपीएल में यह पहला अवसर होगा जबकि वह किसी टीम की कप्तानी करेंगे। असल में कमिंस को टी20 में शीर्ष स्तर पर कप्तानी करने का अनुभव नहीं है। कमिंस को हालांकि ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करते हुए अपार सफलता मिली है। उनके नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप जीता।



### विटोरी बने मुख्य कोच

नए कप्तान के अलावा सनराइजर्स ने 2024 आईपीएल सत्र के लिए ब्रायन लारा की जगह न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स फ्रैंकलिन दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन की जगह टीम के नए तेज गेंदबाजी कोच होंगे। सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2024 में अपना अभियान 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुरू करेगी।

### कॉनवे का बाहर होना तय



न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अंगूठे की चोट के कारण कम से कम आठ सप्ताह तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेल पाएंगे जिससे उनका इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर होना तय है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले महीने टी20 श्रृंखला के दौरान 32 वर्षीय कॉनवे के दाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी जिसका उन्हें ऑपरेशन करवाना होगा। इस कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को समाप्त हुए पहले टेस्ट मैच में भी नहीं खेल पाए थे।

### 42 मैच में झटके 45 विकेट

आईपीएल में कमिंस ने अभी तक 42 मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 45 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 34 रन देकर चार विकेट है। इसके अलावा उन्होंने 379 रन बनाए हैं जिनमें उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 66 रन है।

## खबर संक्षेप



### मेरा सौवां टेस्ट मेरी मां को समर्पित : बेयरस्टो

धर्मशाला। इस सप्ताह सौवां टेस्ट खेलने जा रहे इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने यह उपलब्धि कैंसर को मात देने वाली अपनी मां को समर्पित की है जो कठिन समय में उनकी ताकत और परिवार को बांधने वाली शक्ति रही है। उन्होंने कहा, 'जब मैं खेलता हूं तो कई बार अपने पिता के बारे में सोचता हूं। लेकिन अब मां के बारे में ज्यादा सोचता हूं जिन्होंने इतना कुछ होने पर हम पर आंच नहीं आने दी। हमें एक परिवार के रूप में एकजुट रखा। वह मेरी ताकत रही हैं।'

### यशस्वी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित

दुबई। इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन बना चुके भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईसीसी फरवरी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में हैं जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के पाथुम निसांका भी नामित हैं। आईसीसी ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने फरवरी 2024 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए महिला और पुरुष वर्ग में नामांकन का ऐलान किया है।'



### रऊफ का अनुबंध बहाल करेगा पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ का केंद्रीय अनुबंध देश के क्रिकेट बोर्ड की कानूनी टीम की समीक्षा के बाद बहाल किया जा सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के आधिकारिक सूत्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। रऊफ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जनवरी में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने से इनकार कर दिया था और पीसीबी ने उनके इस फैसले को गंभीरता से लेते हुए पाकिस्तान सुपर लीग के शुरू होने से दो दिन पहले उनका केंद्रीय अनुबंध समाप्त कर दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने तीनों टेस्ट मैच में जीत दर्ज करके क्लीनस्वीप किया था।



### गेंदबाज ओरुर्के दूसरे टेस्ट मैच से बाहर

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओरुर्के मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में नहीं खेल पाएंगे। ओरुर्के की जगह बेन सीयर्स को टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने न्यूजीलैंड की तरफ से अभी तक 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले हैं लेकिन उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्राइस्टचर्च में शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में उन्हें पदार्पण का मौका मिल सकता है।



## रणजी ट्राफी : तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराया

# 41 बार की चैंपियन मुंबई 48वीं बार खिताब के लिए देगी चुनौती

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शार्दुल ठाकुर के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत 41 बार की चैंपियन मुंबई ने सोमवार को यहां तमिलनाडु को सेमीफाइनल में तीन दिन के अंदर पारी और 70 रन से शिकस्त देकर रणजी ट्राफी फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम मुंबई 48वीं बार फाइनल में पहुंची गई। इससे पहले मुंबई 41 बार चैंपियन और छह बार रनर-अप रही। टीम ने आखिरी खिताब 2016 में जीता था।

टीम इंडिया के ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर ने मैच में शतक लगाया। उनकी यह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पहली सेंचुरी रही। इसके साथ ही उन्होंने पहली पारी में दो और दूसरी पारी में भी इतने ही विकेट लिए। उन्हें इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण ने तमिलनाडु को दूसरी पारी में महज 162 रन पर समेट दिया। मुंबई की जीत में गेंदबाजी आल राउंडर ठाकुर (109 रन, 48 रन देकर दो विकेट और 16 रन देकर दो विकेट) की भूमिका अहम रही जिन्होंने दूसरे दिन सभी प्रारूपों में अपना पहला शतक जड़कर टीम को पहली पारी में सात विकेट पर 106 रन से उबारकर 232 रन की बढ़त दिलाई थी। इससे पहले मुंबई की टीम पहली पारी में 378 रन पर सिमट गई थी।



### विदर्भ ने की मप्र के खिलाफ वापसी

नागपुर। यश राठौड़ के नाबाद 97 रन की मदद से विदर्भ ने मध्यप्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन सोमवार को शानदार वापसी करते हुए छह विकेट पर 343 रन बनाए। राठौड़ ने 165 गेंदों का सामना किया। कप्तान अक्षर वाडकर ने उनका बखूबी साथ निभाते हुए 139 गेंद में 77 रन बनाए। दोनों ने छठे विकेट की साझेदारी में 158 रन जोड़े जबकि एक समय विदर्भ ने पांच विकेट 161 रन पर गंवा दिए थे। विदर्भ के पास अब 261 रन की बढ़त है। विदर्भ ने पहली पारी में 170 रन बनाए थे। जवाब में मध्य प्रदेश की टीम ने 252 रन का स्कोर किया था।

### वानखेड़े स्टेडियम करेगा फाइनल की मेजबानी

मुंबई क्रिकेट संघ ने सोमवार को बताया कि इस रणजी ट्राफी सत्र का फाइनल यहां 10 से 14 मार्च तक वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। 41 बार की चैंपियन मुंबई के 48वीं दफा फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के बाद खिताबी भिड़ंत के स्थल की घोषणा की गई। एमसीए के सचिव अजिंक्य नायक ने एक बयान में कहा, 'वानखेड़े स्टेडियम करीब 50 साल से मुंबई क्रिकेट का घर रहा है। इसलिए टूर्नामेंट की विरासत को देखते हुए और पूरे मुंबई क्रिकेट समुदाय के लिए इस बड़े मैच की अहमियत को देखते हुए यह बिलकुल उचित है कि वानखेड़े स्टेडियम में फाइनल खेला जा रहा है।'

# भारतीय टेटे टीमों ने रचा इतिहास, पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


भारतीय पुरुष और महिला टीम ने सोमवार को अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर इतिहास रच दिया। पिछले महीने बुसान में विश्व टीम चैंपियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट थी और इसके समापन के बाद टीम स्पर्धाओं में सात स्थान बचे थे जिनके लिए टीमों को उनकी रैंकिंग के आधार पर चुना गया। आईआईटीएफ ने कहा, 'ताजा विश्व टीम रैंकिंग में शीर्ष रैंकिंग की जो टीम क्वालीफाई नहीं कर सकीं, उन्होंने पेरिस 2024 के लिए अपना टिकट हासिल कर लिया।' महिलाओं की स्पर्धा में भारत 13वीं रैंकिंग पर काबिज था, उसने पोलैंड (12), स्वीडन (15) और थाईलैंड के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पुरुष टीम स्पर्धा में क्रोएशिया (12), भारत (15) और स्लोवेनिया (11) ने भी पेरिस ओलंपिक का टिकट कटाया।

### पहली बार टीम देगी चुनौती

भारत के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल ने ट्वीट किया, 'आखिरकार भारत ने ओलंपिक के लिए टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैं लंबे समय से यह देखना चाहता था। ओलंपिक में पांचवीं बार खेलने के बावजूद यह सच में बहुत विशेष है। महिला टीम को भी बधाई जिन्होंने भी ऐतिहासिक कोटा हासिल कर लिया।'भारतीय टेबल टेनिस इतिहास में यह शानदार उपलब्धि है क्योंकि यह पहली बार होगा जब देश 2008 बीजिंग ओलंपिक में शामिल किए जाने के बाद टीम स्पर्धा में हिस्सा लेगा।

## महिला प्रीमियर लीग

# आरसीबी ने वारियर्स को हराया मंधाना और पैरी का अर्धशतक



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कप्तान स्मृति मंधाना और हरफनमौला एलिसे पैरी के अर्धशतकों से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को यूपी वारियर्स को 23 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर आरसीबी ने तीन विकेट पर 193 रन बनाए। मंधाना ने 50 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों शानदार 80 रन बनाए। पैरी ने 37 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली।

मंधाना और पैरी ने दूसरे विकेट के लिए 64 गेंद में 95 रन की साझेदारी की । जवाब में यूपी वारियर्स 20 ओवर में आठ विकेट पर 175 रन ही बना सके। कप्तान एलिसा हीली (38 गेंद में 55 रन) को छोड़कर यूपी का कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका। यह डब्लूपीएल के बेंगलुरु चरण का आखिरी मैच था और अब मैच मंगलवार से दिल्ली में होंगे।

### मैं प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी नहीं करूंगी

नई दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने सोमवार को प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी को खारिज कर दिया। साक्षी ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के लिए लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन से वह मानसिक रूप से थक गई हैं। पिछले साल दिसंबर में बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कश्ती महासंघ के चुनाव में अध्यक्ष चुने जाने के बाद साक्षी ने रोते हुए प्रेस कांफ्रेंस में कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी। साक्षी मलिक ने कहा, एक साल से ज्यादा का समय हो गया है, इतना ज्यादा मानसिक दबाव है और हम हर संभव तरीके से इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने की कोशिश में जुटे हैं। इसलिए मैं कुश्ती जारी नहीं रख पाऊंगी।'

### मेसी-सुआरेज का डबल, इंटर ने ओरलैंडो को रौंदा



लाउडरडेल। यह वह नजारा था जो कभी स्पेनिश क्लब बार्सिलोना के लिए देखने को मिलता था। लियोनल मेसी और लुई सुआरेज की जोड़ी ने जो कभी बार्सिलोना के लिए किया, वही पहली बार अपने नए अमेरिकी क्लब इंटर मियामी के लिए करके दिखाया। इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में ओरलैंडो सिटी पर 5-0 से जीत दर्ज की, जिसमें मेसी और सुआरेज ने दो-दो गोल किए। सुआरेज ने खेल के सात मिनट में ही दो गोल कर डाले और बाद में मेसी के एक गोल में उन्होंने सहायता भी की। मेसी और सुआरेज की बदौलत इंटर मियामी ने अब तक की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

# प्रणीत ने बैडमिंटन से लिया संन्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता बी साइ प्रणीत ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन को अलविदा कह दिया और अब वह अमेरिका में एक क्लब से मुख्य कोच के रूप में जुड़ेंगे। हैदराबाद के 31 वर्ष के प्रणीत ने टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था लेकिन उसके बाद से चोटों से जूझ रहे हैं। प्रणीत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'मिले जुले जज्बात के साथ मैं इन शब्दों के जरिए उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जो 24 से अधिक साल से मेरे लिए सब कुछ रहा है। आज मैं नए अध्याय की शुरुआत कर रहा हूं और अपने अब तक के सफर के लिए अभिभूत और कृतज्ञ हूं। बैडमिंटन मेरा पहला प्यार और साथी रहा है । इसने मेरे वजूद को मायने दिए। जो यादें हमने साझा की, जो चुनौतियां हमने पार की, वे सदैव मेरे हृदय में रहेंगी।'



### अमेरिकी क्लब के बनेंगे कोच

प्रणीत अगले महीने अमेरिका में ट्रायंगल बैडमिंटन अकादमी के मुख्य कोच के रूप में जुड़ेंगे। अपने दो दशक से लंबे अंतरराष्ट्रीय कैरियर में प्रणीत ने 2017 सिंगापुर ओपन सुपर सीरिज खिताब जीता। इसके अलावा स्विटजरलैंड के बासेल में 2019 विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य अपने नाम किया।

# धोनी ने चौंकाया, कहा- नए सत्र में नई भूमिका के लिए तैयार रहें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग शुरू होने से महज दो हफ्ते पहले महेंद्र सिंह धोनी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट डालकर अटकलों का दौर तेज कर दिया जिसमें उन्होंने दावा किया कि नए सत्र में नई भूमिका उनका इंतजार कर रही है। चेन्नई सुपर किंग्स को अपनी कप्तानी में पिछले सत्र में पांचवां खिताब दिलाने वाले पूर्व भारतीय कप्तान ने हालांकि इस पोस्ट में न तो लीग का जिक्र किया और न ही नई भूमिका के बारे में बताया जिससे हर कोई बस अनुमान ही लगा रहा है। धोनी ने फेसबुक पर सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'नए सत्र के लिए और नई भूमिका के लिए इंतजार नहीं कर सकता।'

अटकलें लगाई जा रही हैं कि बतौर खिलाड़ी यह धोनी का अंतिम सत्र होगा। पिछले साल धोनी ज्यादातर सीएसके की पारी के अंत में बल्लेबाजी करने उतरे थे। उन्होंने अभी तक स्पष्ट नहीं किया है कि वह आईपीएल 2024 में टीम के कप्तान की भूमिका में होंगे या नहीं।

### केटी बोल्टर ने जीता सैन डिएगो ओपन का खिताब

सैन डिएगो। इंग्लैंड की गैरवरीयता प्राप्त केटी बोल्टर ने उलटफेर करने का अपना सिलसिला जारी रखते हुए फाइनल में यहां यूक्रेन की छठी वरीयता प्राप्त मार्ता कोस्त्युक को हराकर सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एकल खिताब जीता। बोल्टर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और कोस्त्युक को 5-7, 6-2, 6-2 से पराजित करके अपने करियर का दूसरा एकल खिताब हासिल किया। इंग्लैंड की यह 27 वर्षीय खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में पांच वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हराकर चैंपियन बनी।



Entertainment News



## रकुल और जैकी भगनानी ने मस्त मलंग झूम गाने पर लगाए ठुमके

नवविवाहित रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी वर्तमान में अपने विवाहित जीवन का आनंद ले रहे हैं। जोड़े ने एक नया मजेदार वीडियो जारी किया, जिसमें उन्हें फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के ट्रैक मस्त मलंग झूम पर थिरकते देखा जा सकता है। रकुल ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा किया, नवविवाहित जोड़ा ऑल-ब्लैक आउटफिट में ट्विनिंग करता नजर आ रहा है। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में बड़े मियां छोटे मियां के मेकर्स ने फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज किया है।

## पारंपरिक लुक में नजर आए कियारा और सिद्धार्थ



अपने फैशन गेम से प्रशंसकों को प्रेरित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हुए, पावर कपल कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने हाल ही में शादी से पहले आयोजित समारोह के अंतिम दिन पारंपरिक लुक में जलवा बिखेरा। इस साल के अंत में रिलायंस चेयरमैन मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी राधिका मर्चेंट के साथ। गुजरात के जामनगर में तीन दिवसीय प्री-वेडिंग उत्सव का समापन हुआ, जिसमें सेलेब्स पारंपरिक परिधानों में स्टाइलिश अंदाज में नजर आए। सिद्धार्थ ने सोमवार को प्रशंसकों को अपनी और अपनी पत्नी कियारा की प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन की एक झलक दिखाई। कियारा गुलाबी रंग की साड़ी और कढ़ाई के काम वाले मैचिंग ब्लाउज में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने मिनिमल मेकअप लुक चुना और अपने लुक की तारीफ करने के लिए अपने मुलायम घुंघराले बालों को खुला रखा। दूसरी ओर सिद्धार्थ ने ऑफ-व्हाइट कढ़ाई वाली शेरवानी पहनी थी। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, प्यार का जश्न मनाने का एक गर्म और रोमांचक सप्ताहांत। राधिका और अनंत की हमेशा के लिए शुरुआत का जश्न मनाने के लिए जामनगर में सबसे यादगार समय बिताने के लिए अंबानी परिवार को धन्यवाद।

## सारा अली खान की ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर हुआ रिलीज



सारा अली खान अभिनीत फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म थ्रिलर-ड्रामा है, जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। फिल्म की कहानी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन की पृष्ठभूमि में सेट है। ट्रेलर में सारा अली खान एक ऐसी बहादुर युवती की भूमिका में नजर आ रही हैं, जो भूमिगत रेडियो का इस्तेमाल कर देशवासियों को एकजुट करती हैं और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में उनका मनोबल बढ़ाती हैं। ट्रेलर में रोमांच, देशभक्ति और एक्शन का तड़का है। फिल्म का निर्देशन कन्नन अय्यर ने किया है और लेखन कन्नन अय्यर और दाराब फारूकी ने किया है। फिल्म का निर्माण धर्माटिक एंटरटेनमेंट और करण जौहर द्वारा किया गया है।

**महा आरती प्री-वेडिंग का फंक्शन हुआ सम्पन्न**

## विश्वम्भरी स्तुति से नीता अंबानी ने जीता सभी मेहमानों का दिल



नीता अंबानी ने अपने बेटे अनंत अंबानी के प्री-वेडिंग में विश्वम्भरी स्तुति पर एक बहुत ही खूबसूरत प्रस्तुति दी। अनंत-राधिका की प्री-वेडिंग का जश्न तीन दिनों तक चला है। वहीं



रविवार को कुछ खास प्रस्तुतियों के साथ महा आरती की गई। इसके साथ ही प्री-वेडिंग का फंक्शन खत्म हुआ। इस दौरान नीता अंबानी ने छोटे बेटे-बहू के लिए भक्ति गीत विश्वंभरी स्तुति पर शास्त्रीय नृत्य से सभी का दिल जीत लिया।

**फिल्म हम साथ-साथ हैं कि तरह है अंबानी फैमिली**

मिडिया रिपोटस के मुताबिक मुकेश व नीता अंबानी की शादी कोई फिल्मों के स्क्रिप्ट से कम नहीं था। ये कुछ ऐसा था मानो अरेंज मैरिज को लव मैरिज के जैसा पूरा किया गया हो। तो चलिए आज हम इन अमीर और खूबसूरत जोड़ी के बच्चों की शादी के बारे में चर्चा करते है।

**ईशा अंबानी और आनंद पीरामल–**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी की इकलौती बेटी ईशा अंबानी की शादी 12 दिसंबर 2018 को पीरामल इंडस्ट्रीज के आनंद पीरामल के साथ हुई थी। अंबानी फैमिली के इस शादी में दुनिया भर के मशहूर लोगों को निमंत्रण दिया गया था। आपको बता दें कि ईशा अंबानी ने अपनी शादी में लाखों का नही बाल्कि 90 करोड़ का लहंगा पहनी हुई थी। ईशा की शादी में 700 cr खर्च किये गये थें।

**आकाश अंबानी और श्लोका महेता–**

आकाश अंबानी ने अपनी बचपन की दोस्त श्लोका मेहता के साथ 9 मार्च, 2019 को मुंबई में रॉयल सेरेमनी में शादी की थी। श्लोका मेहता हीरा कारोबारी रसेल और मोना मेहता की बेटी हैं। सूत्रों की मानें तो इस शादी में श्लोका ने करीब 10 करोड़ के गहने पहने थे। साथ ही उनके लहंगे की कीमत 5 करोड़ रुपए थी।

**अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट**

– देश के सबसे बड़े व्यापारी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी जल्द ही राधिका मर्चेंट के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। उनका प्री-वेडिंग समारोह गुजरात के जामनगर में 1 से 3 मार्च तक आयोजित हुआ। इस सेलिब्रेशन में कई बड़ी हस्तियों के साथ-साथ बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड इंडस्ट्री के तमाम बड़े स्टार्स शामिल हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट की माने तो 12 जुलाई, 2024 को अपनी मंगेतर राधिका मर्चेंट से शादी करेंगे।



### इंडियन लुक में छा गईं डोनाल्ड ट्रंप की बेटी

*इस वक्त देश दुनिया से आए तमाम दिग्गजों की तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी और नातिन का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वे भारतीय लुक में धमाल मचा रही हैं।*


## आराध्या बच्चन के नए लुक ने लूटी सारी लाइमलाइट



आराध्या बच्चन अक्सर अपने हेयरस्टाइल और अपने लुक को लेकर सुर्खियां बटोरती हैं, इस बार उन्होंने अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में अपने मंत्रमुग्ध कर देने वाले लुक से सबका ध्यान खींचा। आराध्या को अपने माता-पिता के साथ पैपराजी के लिए पोज देते हुए देखा गया। उनकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं और उनके लुक ने नेटिजन्स को ऐश्वर्या के पुराने दिनों की याद दिला दी है।

## जब श्रद्धा कपूर को 16 साल की उम्र में सलमान खान ने ऑफर की थी फिल्म


श्रद्धा कपूर बॉलीवुड की सबसे पॉपुलर और टैलेंटेड एक्ट्रेसेस में से एक हैं। दिग्गज एक्टर शक्ति कपूर की बेटी होने के बावजूद श्रद्धा कपूर ने अपनी एक्टिंग के दम पर इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बनाई और लीड एक्ट्रेस के तौर पर कई सुपरहिट फिल्में दे चुकी हैं। बीते दिनों उन्हें अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में देखा गया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि बहुत कम समय में श्रद्धा कपूर ने बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस को पीछे छोड़ते हुए इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली दूसरी एक्ट्रेस बन गई हैं। उनकी क्यूटनेस और खुबसूरती पर फैंस जान



छिड़कते हैं। इतना ही नहीं, शक्ति कपूर की बेटी भी देश की सबसे पॉपुलर और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेसेस में से एक बन गई हैं। श्रद्धा को 2014 में फोर्ब्स इंडिया की सेलिब्रिटी 100 लिस्ट में फीचर किया गया था और 2 साल बाद 2016 में, उन्हें फोर्ब्स 30 अंडर 30 लिस्ट में भी जगह मिली। 'लव का दी एंड' में उनकी लीड रोल से पहले बहुत कम लोग श्रद्धा को जानते थे, उन्होंने अमिताभ बच्चन की फिल्म 'तीन पत्ती' से डेब्यू किया था क्योंकि वो बिग बी की बहुत बड़ी फैन हैं। श्रद्धा को पहचान मोहित सूरी की सुपरहिट फिल्म 'आशिकी 2' से मिली।

**इस वजह से रिजेक्ट किया सलमान का ऑफर**

सलमान खान ने श्रद्धा को स्कूल के एक नाटक में एक्टिंग करते देखा था। हालांकि, उन्होंने सलमान के ऑफर को लेने से मना कर दिया क्योंकि उन दिनों वो एक मनोवैज्ञानिक बनना चाहती थीं। उन्होंने इसकी पढ़ाई के लिए बोस्टन यूनिवर्सिटी में एडमिशन भी लिया, लेकिन एक्ट्रेस बनने के लिए पहले ही साल में कॉलेज छोड़ दिया।



## रश्मिका मंदाना का सालों पुराना सपना सच हुआ

रणबीर कपूर के साथ ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' में गीतांजलि का किरदार निभाने वालीं रश्मिका मंदाना ने हाल ही में जापान पहुंची, जहां उन्होंने क्रंच्यरोल एनीमे अवार्ड्स 2024 में प्रजेंटर के तौर पर हिस्सा लिया। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का कहना है कि वह जापान जाने का वर्षों से सपना देखती थीं। उन्हें जापान अमेजिंग लगा। क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स के लिए जापान के टोक्यो में रहीं एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपने कई फोटोज शेयर किए। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना फोटोज में एम्बेलिश्ड ड्रेस पहने किलर पोज देती नजर आ रही हैं।

**सोचा नहीं था ये सपना सच होगा**

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'जापान एक ऐसी जगह है जहां जाने का मैंने वर्षों से सपना देखा था। बचपन से कभी नहीं सोचा था कि यह सपना कभी सच होगा। एनीमे वर्ल्ड के क्रिएटर्स में से किसी एक को अवॉर्ड देने वाले अवॉर्ड शो का हिस्सा बनने की तो बात ही छोड़िए! और आखिरकार यह सच हो गया।

एक्ट्रेस ने आगे लिखा, 'जापान में हर किसी से मिल पाना, यहां अविश्वसनीय प्यार पाना, इतना गर्मजोशी से स्वागत, खाना, मौसम, इतनी साफ-सुथरी जगह, इतने प्यारे लोग। यह अद्भुत है! थैंक्यू जापान! वास्तव में! मुझे तुमसे प्यार है! सचमुच बहुत खास है।

## इस फिल्म से दीपिका पादुकोण ने किया था एक्टिंग डेब्यू

दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में शुमार हैं। न सिर्फ अपनी खूबसूरती से बल्कि अपनी जबरदस्त एक्टिंग से उन्होंने हमेशा ही फैंस को इंप्रेस किया है। पिछले 18 सालों से दीपिका एंटरटेनमेंट की दुनिया में एक्टिव हैं। उन्होंने अपना सिक्का न सिर्फ बॉलीवुड बल्कि हॉलीवुड में भी जमाया है। आज भी कई लोग हैं जिन्हें लगता है कि दीपिका ने अपना एक्टिंग डेब्यू ओम शांति ओम से किया था और रातों रात स्टार बन गई लेकिन ऐसा नहीं हैं। आइए जानते हैं वह कौन सी फिल्म थी जिससे दीपिका ने एक्टिंग में डेब्यू किया था।



आपको बता दें कि दीपिका पादुकोण ने साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म ओम शांति ओम से भले ही एक्टिंग डेब्यू किया और रातों रात सुपरस्टार बन गई लेकिन उन्होंने एक साउथ फिल्म से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था।

ओम शांति ओम से एक साल पहले साल 2006 में दीपिका पादुकोण कन्नड़ फिल्म ऐश्वर्या में नजर आईं थीं। इसमें एक्ट्रेस ने साउथ एक्टर उपेंद्र के साथ काम किया था। इस फिल्म में दीपिका ने ऐश्वर्या नाम का किरदार निभाया था। इस फिल्म से उन्हें इतनी पॉपुलैरिटी नहीं मिली थी। इसके बाद एक्ट्रेस ने ओम शांति ओम की और आज वह किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। दीपिका को बॉलीवुड का हिट मशीन कहा जाता है। बता दें कि ओम शांति ओम से पहले दीपिका को फिल्म इंडस्ट्री में हिमेश रेशमिया ने ब्रेक दिया था। उन्होंने दीपिका को अपने म्यूजिक वीडियो नाम है तेरा में कास्ट किया था।



# विश्वनाथ मंदिर के समीप मलजल सीवर के पानी को लेकर सपाईयों का घेराव

प्रखर वाराणसी। गौरी केदाश्वर महादेव मंदिर के पास बह रहे सीवर के गंदे पानी को लेकर सपाईयो ने आज जल कल विभाग के महाप्रबंधक विजय नारायण मौर्य के भेलूपुर स्थित कार्यलय मे हल्ला बोल कर विरोध दर्ज कराते हुए पत्रक सौपा। सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ( विश्वकर्मा ) के नेतृत्व मे भेलुपुर स्थित जल कल विभाग के कार्यालय मे जल के महाप्रबंधक विजय नारायण मौर्य से रोष व्यक्त करते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर काशी मे करोड़ो रुपए की धनराशि कार्यो के नाम पर अव मुक्त किए जाते है मगर स्मार्ट सिटी के नाम पर सिर्फ आंशिक खर्च कर स्मार्ट सिटी व विकास के नाम पर खानापूर्ति किया जाता है । सपा नेता विष्णु शर्मा ( विश्वकर्मा ) ने महाप्रबंधक से कहा कि महा शिवरात्रि का पर्व एकदम नजदीक है वाराणसी मे कई लाख श्रद्धालु काशी मे बाबा विश्वनाथ जी का दर्शन पूजन करने के लिए आऐगे मगर विभागीय अधिकारीयो के उदासीन रवैये के कारण स्मार्ट सिटी के नाम पर गुमराह किया जा रहा है सपा नेता



विष्णु शर्मा ( विश्वकर्मा ) ने कहा कि द्वादश ज्योतिलिगं मे प्रमुख श्री बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर मे दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालु आते है। गौरी केदाश्वर महादेव के लिए भी जाते है गौरी केदाश्वर महादेव गली के समीप सीवर का गंदा पानी बहने व उसके निकलने वाले मल जल से आमजन एवं श्रद्धालुओ को बाबा विश्वनाथ जी का दर्शन पूजन करने के लिए गुजर रहे है जिससे आमजनो के साथ साथ श्रद्धालुओ मे स्मार्ट सिटी के नाम व विकास के झूठे तस्वीर पेश कर कागजी हेराफेरी किए जाने से रोष है।उन्होने कहा कि ढंढिराज गली मे कई दिनो से सीवर का प्रदुषित पानी बह रहा है वहॉ के स्थानीय लोगो ने विभाग से शिकायत दर्ज कराई मगर विभागीय कर्मचारीओ द्वारा सिर्फ औपचारिक एवं कार्यो के प्रति सिर्फ खानापूर्ती कर अस्थाई कार्य किया गया। वही दुसरी ओर गौरी केदाश्वर महादेव गली के पास भी सीवर ओवर फ्लो के कारण रोजाना श्रद्धालुओ को सीवर से बहते मलजल के पानी से गुजरने के लिए विवश है । पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने जलकल के महाप्रबंधक से कहा कि बाबा विश्वनाथ जी के मंदिर के आसपास सीवर फ्लो की समस्या जलकल विभाग द्वारा जल्द दुर नही किया गया तो समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बाबा विश्वनाथ जी आसपास बह रहे गंदे पानी के सीवर की समस्या को लेकर सीवर के बह रहे पानी मे बैठकर विरोध जताऐगे। पत्रक देने वालो मे प्रमुख रूप से सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ( विश्वकर्मा ),कैन्ट की पूर्व प्रत्याशी पूजा यादव, विकास यादव बच्चा, युवजन सभा महानगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, लोहिया वाहिनी के महानगर अध्यक्ष संदीप मिश्रा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष विवेक कहार,कैन्ट अध्यक्ष दिलीप कश्यप,राजबहादुर पटेल, प्रदीप मोदनवाल, आमीर अहमद, मोहम्मद फिरोज राजेश रावत, राजेश कुमार पटेल,आदि लोग उपस्थित थे।

## महाविद्यालय के 259 छात्राओं को मिला स्मार्टफोन, खिल उठे चेहरे

प्रखर वाराणसी। जिले के गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में मंगलवार को 259 स्नातक अंतिम वर्ष की छात्राओं में स्मार्ट फोन वितरित किया गया। स्मार्टफोन पाने के बाद छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय खादी ग्रामोद्योग आयोग के सदस्य नागेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवीन योजनाएं बना रही है।वर्तमान समय में तकनीक आधारित शिक्षा की आवश्यकता है। जिसमें स्मार्ट फोन एक अहम भूमिका निभा सकता है। विशिष्ट अतिथि संघ के विभाग संपर्क प्रमुख सुरेन्द्र जी ने कहां की सरकार की स्मार्टफोन वितरित योजना छात्राओं के जीवन में मील का पत्थर साबित होगी।आए हुए अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्रबंधक व भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम ने मोमेंटो व अंग वस्त्रम देकर किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष उपाध्याय, एचओडी अपर्णा विश्वकर्मा, योगेश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', प्रवक्ता गौरव उपाध्याय, मुकेश यादव, अमृता सिंह, प्रिया पटेल, स्नेहा मिश्रा, डॉ. अंजना सिंह, रीना गुप्ता, अनिता सिंह, स्वेता सिंह, वीरेंद्र विश्वकर्मा समेत महाविद्यालय के अन्य लोग उपस्थित रहे।



## शॉर्ट सर्किट के बाद लगी आग से सिलेंडर में ब्लास्ट आधा दर्जन से अधिक घायल

प्रखर वाराणसी। जिले के चौबेपुर क्षेत्र के बर्थरा कलां गांव में सुनील यादव के घर में शॉर्ट सर्किट से मंगलवार की रात करीब डेढ़ बजे अचानक आग लग गई। आग बुझाने के लिए पड़ोसी भागकर घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान घर में रखा भरा गैस सिलिंडर विस्फोट कर गया। जिससे आग की चपेट में आकर कई लोग झुलस गए। घटना को लेकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में भोला यादव, बलदाऊ यादव, रामजीत यादव, शंकर यादव, छोटी यादव, सुनील यादव, आरती देवी झुलस गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल सभी को मंडलीय अस्पताल भेजा। जहां भोला यादव की हालत गंभीर बताई



गई है। ग्रामीणों ने बिजली कनेक्शन काट कर किसी तरह आग बुझाई। आग से घर में रखा सामान भी जलकर राख हो गया। आग में झुलसे लोगो में रामजीत यादव (32), भोला यादव (50) शंकर यादव (45), छोटू यादव (22), बलदाऊ यादव (25) सुनिल यादव (35), आरती देवी (40) है।

## यूपी पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष को हटाया गया

प्रखर लखनऊ। यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष को हटा दिया गया है। भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को हटा दिया गया है। उनकी जगह अब राजवी कृष्ण को

**यूपी एसटीएफ ने आरोपियों को किया गिरफ्तार**

भर्ती बोर्ड की जिम्मेदारी मिली है। बतादे कि पुलिस भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को हटाकर सरकार ने प्रतीक्षा में डाल दिया है। 1981 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को अब भर्ती बोर्ड की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल गई है।

उत्तर प्रदेश में 60,000 से अधिक कांस्टेबल भर्ती पदों के लिए



48 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया था। पेपर लीक होने के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई थी।यूपी के सभी 75 जिलों में 17 व 18 फरवरी को आयोजित की गई सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा में पेपर लीक को लेकर यूपी एसटीएफ ने बीती दो मार्च को दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ को इनके पास से प्रवेश पत्र व अन्य अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। मामले में विभूतिखण्ड थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। गिरफ्तार किए गए अरोपियों में प्रयागराज का अजय सिंह और सोनू सिंह यादव शामिल हैं।

## किसानों की आत्मनिर्भरता का साधन है प्राकृतिक खेती



प्रखर सेवापुरी/वाराणसी। गौ आधारित प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसान अपनी आय को बढाकर, प्रकृति, पर्यावरण, मिट्टी व मानव स्वास्थ्य को ठीक कर सकते हैं।इतना ही नहीं बल्कि गौ आधारित प्राकृतिक खेती किसानों की आत्मनिर्भरता की गारंटी है। उक्त बातें लोक भारती के राष्ट्रीय सम्पर्क प्रमुख एवं कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य श्रीकृष्ण चौधरी ने सोमवार को सेवापुरी ब्लाक सभागार में प्राकृतिक खेती पर आधारित किसान गोष्ठी में किसानों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देशी गाय के गोबर,गौमूत्र के द्वारा जीवामृत, बीजामृत, घन जीवामृत व कीट नियंत्रक बनाकर किसान मृदा की उर्वरा शक्ति को बढ़ाकर अधिक उत्पादन ले सकते हैं । प्राकृतिक कृषि पद्धति से उत्पादित खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता पौष्टिकता एवं स्वाद अधिक होने के कारण बाजार में अधिक मूल्य भी प्राप्त हो रहा है। प्राकृतिक कृषि संगोष्ठी में पिंण्ड्रा के प्रगतिशील किसान हरिशंकर सिंह,ओमप्रकाश पटेल, सेवापूरी की सुमन देवी, वीरेंद्र सिंह, उदयभान सिंह,जयप्रकाश सिंह,प्रेम शंकर पटेल,अनूप द्विवेदी, रमाशंकर सिंह ने प्राकृतिक खेती से सम्बंधित अपना अनुभव बताया । इस दौरान सहायक विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, बीटीएम देवमणि त्रिपाठी, लोक भारती से सेवापुरी ब्लॉक के संरक्षक रामआसरे सिंह,पूर्व एडीओ कृषि दिनेश प्रताप सिंह, मनोज बरनवाल,शैलेश कुमार, राहुल यादव, दीपक कुमार मौर्य,हिमांशु कुमार स्मिता राय, श्यामबिहारी मौर्य,संजय सिंह, ओम प्रकाश वर्मा,लक्ष्मण प्रसाद,बच्चलाल मौर्य आदि उपस्थित रहे।


## भूमि विवाद में किसान की हत्या, कोतवाल निलंबित !

प्रखर जौनपुर। मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के नंदगंज चौराहे पर सोमवार की देर शाम भूमि विवाद को लेकर दबंगों ने धारदार हथियार से किसान की हत्या कर दी। जबकि पूर्व प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा ने बताया कि मामले में कोतवाल विनय प्रकाश सिंह को निलंबित कर दिया गया है। मुख्य आरोपी हिरासत में है। हत्या का कारण ग्राम समाज की जमीन को लेकर विवाद बताया जा रहा है। बतादे कि ऊंचनी कला गांव निवासी पूर्व प्रधान प्रताप सिंह (50) पुत्र अजय सिंह का दबंगों से भूमि विवाद चल रहा था। चार दिन पहले भी दोनों पक्षों में ग्राम समाज की एक फिट जमीन को लेकर मारपीट हुई थी। मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। सोमवार की शाम साढ़े सात बजे प्रताप सिंह अपने पड़ोसी किसान संजय सिंह उर्फ मुन्ना (55) के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान नंदगंज चौराहे पर दबंगों ने दोनों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। सूचना पर पहुंची मड़ियाहूं पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने संजय सिंह को मृत घोषित कर दिया। सीएचसी पहुंचे मृतक के परिजन शव लेकर घर चले गए। वहीं, गंभीर रूप से घायल प्रताप सिंह को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा और एडिशनल एसपी शैलेंद्र सिंह पहुंचे। परिजनों को समझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।



## पत्रकारों का हित किसी भी राजनीतिक पार्टी के एजेंडे में नहीं

प्रखर संतकबीरनगर। जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया की राष्ट्रीय स्तर की एक मैराथन वर्चुअल मीटिंग राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना की अध्यक्षता में की गई इस बैठक में पत्रकार हितों को लेकर जहां चिंता व्यक्त की गई वहीं पत्रकारों में इस बात को लेकर आक्रोश दिखा कि पक्ष या विपक्ष किसी भी राजनैतिक पार्टी को पत्रकार हितों की चिंता नहीं है जबकि किसी भी राजनैतिक पार्टी को अर्श से फर्श और फर्श से अर्श तक पहुंचाने में पत्रकारों की माहिती भूमिका होती है पत्रकार इस बात को लेकर भी चिंतित दिखे कि हर मोर्चे पर बेहतर कार्य करने वाले हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री पत्रकार हितों की बात क्यों नहीं करते। ढाई घंटे से भी ज्यादा देर तक चली इस मैराथन बैठक में संगठन के राष्ट्रीय, प्रादेशिक एवं स्थानीय पत्रकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने बेबाक विचार व्यक्त किये। इस क्रम में अपना मत रखते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज पत्रकारों के ऊपर बेवजह हमले हो रहे हैं उन्हें बिना किसी कारण के प्रताड़ित किया जा रहा है आज पत्रकार स्वतंत्र होकर अपना कार्य नहीं कर पा रहा है आज जब सब कुछ डिजिटल हो



रहा है तब ई पेपर को मान्यता न देना कहां तक नीति संगत है। देश में पत्रकार अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है परंतु सरकार द्वारा उसके लिए पत्रकार सुरक्षा कानून न पारित करना पत्रकारों के प्रति सरकार के मंसूबों को दशार्ता है। इसी क्रम में संस्था के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. आर सी श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार को पत्रकारों के हित की रक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून अभिलंब लागू करना चाहिए। बिहार के वरिष्ठ पत्रकार एवं वरिष्ठ पदाधिकारी कुणाल भगत ने कहा कि बिहार में भी पत्रकारों को बेवजह प्रताड़ित किया जा रहा है और मुकदमे लिखा जा रहे हैं। राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं वरिष्ठ पत्रकार अशोक झा ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून पर सरकार को अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए ताकि पत्रकार सुरक्षा की भावना से कार्य कर सके। इसी प्रकार से करीब आधा सैकड़ा से ज्यादा लोगों ने पत्रकार हित एवं पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर अपने विचार व्यक्त किया और सरकार से मांग की की पत्रकार जो अपने अस्तित्व और वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहे हैं उनके साथ न्याय किया जाए ताकि वह निर्भीक होकर अपना कार्य कर सकें। विचार व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार एवं वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. विवेक पाठक, अशोक झा, निखिल कद वर्मा, संजय, कुणाल भगत, हरिशंकर पाराशर,कोसांग पटनायक, नागेंद्र पांडे, विजय कुमार, शशि कुमार ,सुमन, रामानंद ,राघवेंद्र त्रिपाठी, संजय कुमार, राजेश कुमार, एसपी चौधरी ,आशीष कुमार प्रमाणिक, अंशिका ओझा, निर्मित कुमार, राजीव रंजन, जितेंद्र पाठक ,दिया नंदिनी ,विक्रांत, राज लूनिया, राजेश पांडे ,संजय कुमार सिंह, अब्दुल बासित ,विवेक पटनायक, बी त्रिपाठी, राजा अवस्थी आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे। जिनका कहना था कि यदि सरकार पत्रकारों की मांगे नहीं मानती है और पत्रकार सुरक्षा कानून नहीं लागू करती है तो संगठन पूरे दम खम के साथ पत्रकारों की लड़ाई लड़ेगा।


## पवित्र कुरान के कंठस्थ पाँच छात्रों को दी गई हिफ्ज की डिग्री, मनेछा गांव में जलसा-ए दस्तारबंदी का हुआ आयोजन

प्रखर खेतासराय, जौनपुर। खेतासराय के मनेछा स्तिथ मदरसा अरबिया बहरूल उलूम में जलसा-ए दस्तारबंदी का आयोजन हुआ,जिसमे पवित्र कुरान शरीफ के कंठस्थ पाँच छात्रों को हिफ्ज की उपाधि दी गई। हाफिज-ए कुरान की डिग्री पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे । उलेमाओ ने उन्हें अल्लाह के बताए हुए मार्ग पर चलने की शपथ दिलाई कहा कि तालीम से ही सभी सफलताओं को प्राप्त कर सकते है ।कार्यक्रम का प्रारंभ कारी मो दानिश ने तेलावत-ए पाक से किया मदरसे के नन्हें मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक सौहार्द कायम करने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया ।मुख्यातिथि के रूप में मौजूद गुरैनी मस्जिद के इमाम-ए खतीब मुफ़्ती मो शमीम अहमद ने अपने सम्बोधन में कहा कि तालीम की पहली पाठशाला माँ होती है, ऐसे में महिलाओं को अपने बच्चे की तालीम के लिए आगे आना चाहिए उन्होंने आज के हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि तालीम से दूरी की वजह से एक अच्छे समाज की संरचना बेहद मुश्किल है ,उन्होंने शिक्षा पर जोर दिया अध्यक्षता शमीम अख़्तर ने किया जबकि संचालन मो अहमद के द्वारा किया गया ।



## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व सांसद राजेश मिश्रा बीजेपी में शामिल भदोही से लड़ सकते है चुनाव!





प्रखर वाराणसी। लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है. राज्य की संसदीय लोकसभा सीट वाराणसी से सांसद रहे राजेश मिश्रा ने पार्टी का दामन छोड़ दिया है. वह मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए. माना जा रहा है कि राजेश, भदोही लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं. बीजेपी में शामिल होने के बाद राजेश ने कहा कि मेरी कोशिश होगी की इस बार बनारस लोकसभा सीट पर विपक्ष के दल का जो प्रत्याशी होगा उसको पोंलिग एजेंट नहीं मिलेगा . ये सौभाग्य की बात है की मोदी जी वाराणसी के सांसद है. पूरे दुनिया में मोदी जी ने देश का नाम रौशन किया है. राजेश मिश्रा साल 2004 से 2009 के बीच वाराणसी से सांसद रहे हैं. राजेश मिश्रा को रवि शंकर प्रसाद और अरुण सिंह ने पार्टी में शामिल कराया. इससे पहले फरवरी में राजेश मिश्रा ने सपा और कांग्रेस के बीच अलायंस होने के बाद पार्टी नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था. उन्होंने दावा किया था कि कांग्रेस का संगठन खत्म हो गया है, बूथ स्तर के कार्यकर्ता नहीं बचे हैं. पिछले तीस सालों में कांग्रेस की स्थिति काफी खराब हुई है. अलायंस पर मिश्रा ने कहा था कि यूपी में कांग्रेस ने सपा के सामने सरेंडर कर दिया. गठबंधन में कांग्रेस को जो सीट मिली है, वहां पार्टी के पास उम्मीदवार ही नहीं है. उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा में जातियों पर संबोधित करना गलत है. मिश्रा ने कहा था कि राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा नहीं भारत तोड़ो नया यात्रा की तरह काम कर रहे हैं. कई वरिष्ठ नेता पार्टी से नाराज हैं।

### विद्यापीठ में बी.एड. के छात्रों को 6 मार्च को वितरित होंगे स्मार्टफोन

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के शिक्षाशास्त्र विभाग में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण हेतु स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण योजना के अन्तर्गत 06 मार्च को बी.एड. के विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किया जायेगा। शिक्षाशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र राम ने बताया कि स्मार्टफोन का वितरण विभाग के बहुउद्देशीय कक्ष में पूर्वाह्न 10:30 बजे से होगा। लाभार्थी विद्यार्थियों को उक्त समय पर अपने मूल अंकपत्र एवं आधार कार्ड के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

### एक नजर इधर भी, सात फेरे लगाने से पहले दुल्हन ने किया सात पौध रोपण

प्रखर जखनियां गाजीपुर। (गौरीशंकर पाण्डेय सरस)परिणय मिलन के मांगलिक अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के मार्फत बजते गीत थिरकते मस्ती में झूमते लोगों के बीच बारात के स्वागत की तैयारी में रस्मोरिवाज को परवान चढ़ाने को सबके सब बेताब थे।हर कोई लकदक वस्त्र आभूषणों में सुसज्जित नजर आ रहा था।दो अंजान पथिक के परिणय सूत्र बंधन के मौके पर कहीं से कोई कमी नहीं रह जाए अपनी अपनी जिम्मेदारियों को लोग सम्हाले हुए थे।घराती पक्ष बारातियों के आव भगत में मुकम्मल बंदोबस्त के साथ जुटा हुआ था। तभी नूतन परिधान और आभूषण से सजी-संवरी दुल्हन अपने माता-पिता एवं सहेलियों के साथ हाथ में पौधे लिए घर से बाहर निकली और पौधा लगाकर पर्यावरण बचाने का जो नायाब और सर्वमान्य तोहफा समाज को देकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया वाकई काबिले तारीफ रहा। यह देख उपस्थित सभी लोग आश्चर्यचकित हो गये। आखिर ऐसा होना भी तो लाजिमी था। जो पर्यावरण संरक्षण का समाज में अनोखे तरीके से संदेश पहुंच रहा था।



यही की विवाह के मौके पर दुल्हन ने सात फेरे लेने से पहले जो सात पौधे रोपित की। जी हां यह सब हुआ तहसील जखनियां के मनिहारी विकास खण्ड के चौकड़ी गांव में। समाजसेवी उदय प्रताप यादव के घर पर। जहां उनकी पुत्री रेंनू का वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित था। रेनू अपने पति के साथ सात फेरे लेने के पूर्व सात पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। गौरतलब हो कि नसरपुर उर्फ हरपुर जमानियां निवासी श्रीकृष्ण यादव के दूसरे पुत्र संदीप कुमार यादव की शादी रेंनू से बीती रात्रि संपन्न हुई। शादी में रेंनू ने अनूठी पहल करते हुए अपने माता-पिता एवं सहेलियों के साथ आम,पीपल,बरगद,कटहल सहित सात पौधे लगाकर अपने पति के साथ शादी के मंडप में सात फेरे ली।जिसकी चर्चा चारों तरफ होने लगी है। पौधारोपण के पीछे अपना उद्देश्य स्पष्ट करते हुए रेंनू ने बताया कि जीवन के सुखद संदेश वाहक होते हैं पौधे।साथ ही वैवाहिक तिथि की स्मृति धरोहर हैं । ऐसा कार्य करने के लिए लोगों का आह्वान भी किया। कहा ऐसा सबको करना चाहिए जिससे पौधों के अस्तित्व की जानकारी मिले तथा सभी लोग पौधारोपण के लिए प्रेरित हों। उक्त मौके पर मौजूद पर्यावरण मित्र ब्रजभूषण दूबे ने रेंनू के इस साहस भरें कदमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी पहल सबको करनी चाहिए।यह जीवन बचाने जैसा कार्य है।इस मौके पर पूर्व सपा जिलाध्यक्ष रामधारी यादव,श्रीमती प्रमिला देवी,पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री सुधीर कुमार यादव, अमरजीत उर्फ मोनू,उदय प्रताप यादव, चन्द्रजीत,सीमा,मंजू, अनिल यादव,अजीत, संजय यादव, कुमारी रेखा,रिना,तान्वी,आदि भी पौधरोपण के साक्षी बने।


**प्रखर पूर्वांचल**

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं